सुप्रभात
रांची, बुधवार
31.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 315



12 काजोल की फिल्म दुश्मन के 25 साल पूरे

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट की बैठक आज शाम पांच बजे से

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक प्रोजेक्ट भवन सभागार में बुधवार (31 मई) को शाम पांच बजे से होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे।

### बकोरिया मुठभेड़ केस में अब सुनवाई नहीं

**रांची।** पलामू जिले में हुए बकोरिया मुठभेड़ कांड की अब आगे की सुनवाई नहीं होगी। सीबीआइ ने जांच के बाद मुठभेड़ को सही बताते हुए पिछले महीने ही क्लोजर रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी।

### लातेहार में इनामी उग्रवादी का सरेंडर

**लातेहार।** झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के एरिया कमांडर रघुनाथ सिंह उर्फ रघु ने मंगलवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उसपर सरकार ने दो लाख रुपये इनाम घोषित कर रखा था। वह लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बेंदी गांव का रहने वाला है।

### चाईबासा में 11 आइइडी बरामद, हुए निष्क्रिय

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुंबाहाका और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी, हाथीबुरू मेरालगढ़ा व छोटा कुईड़ा जंगल के आसपास मंगलवार को 11 आइइडी बरामद हुए। ये सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से नक्सलियों ने लगाये थे। इसे निष्क्रिय कर दिया गया है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 57,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 76,000 रु./प्रति किलो |

# कॉमर्स में सृष्टि, कला में कशिश स्टेट टॉपर

## जैक बोर्ड के इंटर आर्ट्स और कॉमर्स में बेटियों का दबदबा

- कॉमर्स के टॉप-10 में 24 विद्यार्थियों में 22 लड़कियां, सृष्टि उर्सुलाइन रांची की छात्रा
- आर्ट्स के टॉप-10 में 22 स्टूडेंट्स में 16 लड़कियां, कशिश डीएवी कतरास की छात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को इंटर आर्ट्स और कॉमर्स परीक्षा-2023 का रिजल्ट जारी किया। यह माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने जारी किया। इंटर कॉमर्स में रांची की सृष्टि स्टेट टॉपर बनी हैं। कॉमर्स के टॉप 10 में कुल 24 स्टूडेंट्स हैं। इनमें 22 छात्राएं हैं।

मजेदार बात तो यह है कि 22 में 15 छात्राएं अकेले उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की हैं। इसी प्रकार, इंटर आर्ट्स में भी बेटियों का जलवा देखने को मिला। आर्ट्स में भी टॉप-10 में 22 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इनमें 16 लड़कियां हैं। स्टेट टॉपर कतरासगढ़ के डीएवी प्लस 2 हाई स्कूल की कशिश परवीन बनी हैं।

जैक चेयरमैन डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि इंटर कला में धनबाद जिला के कतरास गढ़ स्थित डीएवी प्लस टू हाई स्कूल की कशिश परवीन 469 अंक लाकर स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं, एमएलए इंटर महिला कॉलेज लोहरदगा की दीक्षा साहू 465 अंक लाकर इंटर कला में सेकेंड स्टेट टॉपर बनी हैं। इंटर कला में ही संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के सुधांशु 464 अंक लाकर थर्ड स्टेट टॉपर बने हैं। इसी प्रकार, इंटर कॉमर्स स्ट्रीम में उर्सुलाइन इंटर कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन किया है।

उर्सुलाइन की सृष्टि कुमारी व महाविश परवीन क्रमशः 480 अंक लाकर स्टेट टॉपर और 479 अंक लाकर सेकेंड स्टेट टॉपर बनी हैं। उर्सुलाइन रांची की प्रियंका कुमारी और मारवाड़ी वीमेंस कॉलेज की रिया कुमारी 475 अंक लाकर संयुक्त रूप से थर्ड स्टेट टॉपर बनी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### इंटर कला : हजारीबाग अव्वल, पाकुड़ फिसड्डी

इंटर कला के रिजल्ट में हजारीबाग जिला के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस जिले के 98.47 प्रतिशत पास हुए हैं। वहीं, पाकुड़ जिले के परीक्षार्थियों का सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। यहां सिर्फ 88.35 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। रांची जिले के परीक्षार्थी राज्य में 10वें पायदान पर हैं। यहां 97.19 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।



1. कशिश परवीन 2. दीक्षा साहू 3. सुधांशु

### इंटर कॉमर्स : जामताड़ा टॉप, सरायकेला फिसड्डी



1. सृष्टि कुमारी 2. महाविश परवीन 3. प्रियंका कुमारी

इंटर कॉमर्स के रिजल्ट में जामताड़ा के परीक्षार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस जिले 97.36 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। वहीं, सरायकेला के छात्रों का सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। यहां सिर्फ 77.94 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। रांची जिले के परीक्षार्थियों को रिजल्ट 11वें पायदान पर है। इस जिला के 89.42 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।



आयकर विभाग के इनपुट पर कांग्रेस विधायक व उनके करीबियों पर कार्रवाई

# प्रदीप यादव के रांची आवास समेत 12 स्थानों पर इडी की छापामारी



प्रदीप यादव का आवास



शिवकुमार यादव का आवास

- रांची में चार और संथाल में आठ जगहों पर छापे, महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त
- गोड्डा में प्रदीप यादव से पूछताछ, बिहार के पूर्व विधायक के घर में मिला लॉकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की दबिश बढ़ गयी है। इडी ने कांग्रेस के पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव के रांची स्थित आवास समेत 12 जगहों पर छापेमारी की। मंगलवार की सुबह इडी की टीम ने रांची, गोड्डा, दुमका और देवघर में सभी ठिकानों पर पहुंचकर एक साथ छापेमारी की। देर रात तक इडी की टीम उन जगहों पर छापेमारी कर रही थी।

इडी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव समेत उनके करीबियों के यहां से इडी ने महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किये हैं। इडी के अधिकारी विधायक प्रदीप यादव से उनके गोड्डा स्थित आवास पर ही पूछताछ की। इडी की एक टीम ने बिहार के औरंगाबाद जिला के गोह विधानसभा सीट के पूर्व विधायक मनोज शर्मा के रांची के धुर्वा स्थित आवास पर छापेमारी की। बता दें कि मनोज शर्मा के आवास पर वैष्णवी कंस्ट्रक्शन का ऑफिस है। मंगलवार को इडी की टीम मनोज शर्मा के आवास पर पहुंची। इडी ने घर के सामानों को खंगाला। इस दौरान घर के अंदर कई ऐसे लॉकर मिले, जो बंद थे। घर के लोगों द्वारा लॉकर की चाभी इडी की टीम को नहीं दी गयी। इसके बाद इडी ने एक युवक को बुलाया और उसकी उपस्थिति में लॉकर को खोला गया।

इडी की टीम दुमका के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के दो बड़े संवेदक अजय कुमार झा उर्फ मिक्की और विनोद लाल के घर पर भी छापेमारी की। जांच एजेंसी ने अजय कुमार झा और विनोद लाल के घर पर कागजातों को खंगाला। संवेदक विनोद कुमार लाल नगर परिषद दुमका के निवर्तमान उपाध्यक्ष और संवेदक अजय कुमार झा की पत्नी श्वेता झा अध्यक्ष रही हैं। दोनों का कार्यकाल हाल ही में पूरा हुआ है।

बता दें कि पहले हुई छापेमारी में विधायक प्रदीप यादव के यहां से दो लाख रुपये, उनके करीबी गोड्डा के होटल व्यवसायी श्यामाकांत यादव के यहां से 40 लाख रुपये, दुमका के विनोद कुमार लाल के यहां से नौ लाख रुपये बरामद हुए थे। इडी ने उसी केस को आधार बनाकर आयकर विभाग से मिले इनपुट के आधार पर ही यह छापेमारी की है।

रांची में प्रदीप यादव के करीबी एस यादव के चेशायर होम रोड के समीप स्थित आवास पर भी इडी की टीम पहुंची और वहां कागजातों को खंगाला। इडी ने रांची के रातू रोड में एक हाइटेन कंस्ट्रक्शन कंपनी में भी छापा मारा। इस कंपनी के मालिक का संबंध प्रदीप यादव से बताया जा रहा है।

### यहां-यहां इडी ने दी दबिश

- रांची के डोरंडा में प्रदीप यादव, उनके निजी सचिव के घर छापेमारी
- गोड्डा में मनोज अकेला के नहर चौक स्थित आवास पर छापा
- रांची में प्रदीप यादव के करीबी एक बिल्डर के रातू रोड स्थित घर और कार्यालय पर भी दबिश
- सीएम के करीबी बतानेवाले मिकी झा और पीएचइडी के ठेकेदार विनोद लाल के घर भी रेड
- धुर्वा में बिहार के औरंगाबाद जिले के गोह के पूर्व विधायक मनोज शर्मा के यहां दबिश
- चेशायर होम में एक बिल्डर के यहां भी हुई छापेमारी

WE MAKE IT HAPPEN
CROSS TOBACCO OUT!
HCG The Specialist in Cancer Care
adding life to years
HCG ABDUR RAZZAQUE ANSARI CANCER HOSPITAL

Cross Tobacco Out to Nip Cancer in the Bud.



This World No Tobacco Day, HCG Abdur Razzaque Ansari Cancer Hospital, Ranchi is providing a free counselling on the harm caused by smoking and chewing tobacco, also about the potential cancer risks. Let's act against cancer early by knowing how to quit tobacco.

Free Counselling*
(Offline Only)
Date: 31st May to 15th June, 2023
Time: 10:00 AM - 5:00 PM

0651-6612116 | 9155835890 | www.hcgoncology.com
HCG ABDUR RAZZAQUE ANSARI CANCER HOSPITAL, NH-33, IRBA, RANCHI, JHARKHAND-835217

SARALA BIRLA UNIVERSITY
Berkeley UNIVERSITY OF CALIFORNIA
International Academic Collaboration

ADMISSION OPEN 2023-24

WORLD CLASS INFRASTRUCTURE
BEST IN CLASS PLACEMENTS
SBU



Visit now www.sbu.ac.in

| | |
|---|---|
| Ph.D. | Engineering \|Commerce & Management \|Humanities |
| POST GRADUATE COURSES | M.Tech \| MBA \| MCA \| M.Com \| M.A. \| M.Sc in Yogic Science<br>Master of Performing Arts |
| UNDER GRADUATE COURSES | B.Tech \| B.Com (Hons.) \| B.A. (Hons.) \|B.Sc in Yogic Science \| BCA \| B.Sc (Hons.) Mathematics \| BBA in Capital Market \| BBA \| Bachelor of Performing Arts \| B. Pharm \| B.Sc Nursing |

DIPLOMA COURSES
Diploma in CE I CSE I EEE I ECE I ME
D. Pharm
Diploma in Yoga & Fitness Trainer
Diploma in Yoga Instructor (6 months online)
Diploma in French
Certificate Course in French (6 months)

Training and Placement Supported by: ADITYA BIRLA GROUP
Strategic Collaboration: BSE, Tally
Top Recruiters: tcs, wipro, ICICI Bank, HDFC BANK, ADITYA BIRLA, BARCLAYS

SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI
BIRLA KNOWLEDGE CITY, P.O. MAHILONG, PURULIA ROAD, RANCHI, JHARKHAND-835103 770700 6061/64/65, 770700 4286/87
TOLL FREE No. : 1800 890 6077 admission@sburanchi.ac.in www.sbu.ac.in

## विशेष अदालत में बकोरिया मुठभेड़ केस पर सीबीआइ की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकृत

# बकोरिया मुठभेड़ का चैप्टर क्लोज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पलामू जिले में हुए बकोरिया मुठभेड़ कांड की अब आगे कोई सुनवाई नहीं होगी। सीबीआई की विशेष अदालत ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। सीबीआई ने जांच के बाद मुठभेड़ को सही बताते हुए पिछले महीने ही क्लोजर रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। मंगलवार को सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई।

**आदेश के खिलाफ प्रोटेस्ट याचिका दाखिल करेंगे शिकायतकर्ता** : सुनवाई के बाद अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को सही पाते हुए केस बंद करने का आदेश दिया है। हालांकि मुठभेड़ में मारे गए उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने क्लोजर रिपोर्ट को मानने से इनकार कर दिया। वह इसके खिलाफ प्रोटेस्ट याचिका दाखिल करेंगे। इसके लिए अदालत से समय की मांग की गई है। जिस पर अदालत ने उन्हें समय प्रदान किया है।

### हाइकोर्ट ने दिया था सीबीआइ जांच का आदेश



बता दें कि बकोरिया मुठभेड़ के बाद सीआइडी ने नौ जून 2015 को जांच शुरू की थी। जांच के खिलाफ मुठभेड़ में मारे गए उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। झारखंड हाईकोर्ट ने साल 2018 में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। जिसके बाद सीबीआई दिल्ली की स्पेशल सेल ने प्राथमिकी टेकओवर किया था। सीबीआई ने फोरेंसिक रिपोर्ट में भी मुठभेड़ को सही पाया गया था।

### 8 जून 2015 को बकोरिया में हुई थी मुठभेड़



पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को मुठभेड़ में डा. अनुराग सहित 12 लोग मारे गए थे। मुठभेड़ में मारे गए 12 लोगों में 10 का कोई नक्सली रिकार्ड नहीं था। मारे गए नक्सलियों में टाप कमांडर आरके उर्फ अनुराग और उसका बेटा-भतीजा शामिल थे।

### 4 नाबालिग समेत 6 की हुई थी मौत

मुठभेड़ में 4 नाबालिग, एक पारा शिक्षक और उसका भाई भी मारा गया था। जांच के दौरन सीबीआई की टीम तत्कालीन डीजीपी डीके पांडेय, तत्कालीन आइजी ए नटराजन, डीआइजी, एसपी, सीआरपीएफ डीआइजी, कमांडेंट, थानेदार समेत कई अधिकारियों से पूछताछ की। इसके बाद सीबीआई ने अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है।

## जोहार पोर्टल पर अपलोड परियोजनाओं की प्रगति पर कल होगी समीक्षा बैठक

### मुख्यमंत्री अधिकारियों को देंगे टास्क

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जोहार पोर्टल पर अपलोडेड झारखंड की महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा एक जून को करेंगे। सीएम की समीक्षा को देखते हुए राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव,सचिव व विभागाध्यक्षों को पत्र लिखा है और जोहार पोर्टल पर अपने विभाग से संबंधित सारी परियोजनाओं की प्रगति को अपलोड करने का समय दिया है। प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस समीक्षा में मुख्यमंत्री पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण, पेयजल, ग्रामीण कार्य, ग्रामीण विकास सहित अन्य विभागों की परियोजनाओं की गति की जानकारी प्राप्त करेंगे। अधिकारियों को इस वित्त वर्ष 2023-24 में समय-सीमा पर काम करने के लिए लक्ष्य भी देंगे। यह भी देखा जायेगा कि तीन-चार से जो योजनाएं चल रही है वह अभी तक क्यों नहीं पूरी हुई?

सीएस ने विभाग के अधिकारियों को यह भी कहा कि जिन परियोजनाओं को पूरा करने में बाधा आ रही है, उसकी पूरी विवरणी भी जोहार पोर्टल में अपलोड करें। बताते चलें कि राज्य सरकार ने सरकारी योजनाओं को गति देने के लिए जोहार परियोजना पोर्टल शुरू किया है, जिसमें नियमित रूप से सभी विभागों को परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट अपलोड करना है। इसका मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं को गति प्रदान करना और समय पर पूरा कराना है।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले सीआइआइ के इस्टर्न रीजन के वीसी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) के ईस्टर्न रीजन के वाइस चेयरमैन एसके बेहरा (जमशेदपुर) ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य में उद्योगों के विकास और निवेश पर चर्चा हुई।

## खटिक एवं तुरी जाति के प्रोफाइल का अध्ययन करायेगी राज्य सरकार

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से खटिक एवं तुरी जाति से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन कराया जायेगा। मोरहाबादी, रांची स्थित डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान को इसकी जिम्मेवारी दी गयी है। संस्थान की ओर से इस संबंध में टेंडर भी जारी कर दिया गया है। संस्थान की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने राज्य में निवास करने वाली खटिक और तुरी जाति के संबंध में अध्ययन कराने का निर्णय लिया है। इस आधार पर संस्थान की ओर से योग्य संस्थान, कॉलेज, एनजीओ अपनी निविदा बंद लिफाफे में मोरहाबादी स्थित संस्थान के पते पर 7 जून तक जमा कर सकते हैं। 13 जून को इसे खोला जायेगा।

## किसी अनहोनी की प्रतीक्षा किये बिना निशिकांत दुबे को सुरक्षा उपलब्ध करायें सीएम : बाबूलाल

### सांसद की सुरक्षा पर बाबूलाल ने सीएम हेमंत सोरेन को दी सलाह, कहा- न रखें राजनीतिक विद्वेष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की सुरक्षा को लेकर चिंता जतायी है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को सीएम हेमंत सोरेन को चिट्ठी भी लिखी है। सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर अपनी भावना जाहिर की है। ट्वीटर पर सीएम के अलावा झारखंड पुलिस, देवघर डीसी और देवघर पुलिस को भी टैग कर इसकी जानकारी दी है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में राजनेताओं, एमपी, एमएलए पर हमले, हिंसा का इतिहास रहा है। ऐसे में सांसद निशिकांत दुबे की सुरक्षा में की जा रही कोताही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत को मालूम होना चाहिये कि निशिंकान्त दुबे संताल परगना में हो रही भयानक घुसपैठ, गौ हत्या, जमीन माफिया एवं दलालों और अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध लंबे समय से आवाज बुलंद कर रहे हैं। परंतु उनसे निजी द्वेष के कारण सरकार उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं करा रही है। वह भी तब जब गृह मंत्रालय ने समय समय पर इस संबंध में जरूरी आदेश (30 जुलाई, 2015 और 15 मई 2021) कर रखे हैं। बाबूलाल ने उम्मीद जतायी है कि सीएम को इस संबध में उनके लिखे इस पत्र के बाद वे राजनीतिक विद्वेष को पीछे छोड़ देंगे। किसी अनहोनी की प्रतीक्षा किए बिना निशिंकांत दुबे को सुरक्षा उपलब्ध कराएंगे।

## सड़क निर्माण में नयी तकनीक का करें उपयोग : जनरल वीके सिंह

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह ने झारखंड में चल रही एनएचएआई के परियोजनाओं की समीक्षा होटल रेडिशन ब्लू में की। केंद्रीय मंत्री ने एनएचआई के अफसरों से झारखंड मे चल रही परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि सड़क परियोजनाओं में इनोवेटिव आइडिया का उपयोग करें, ताकि अधिक से अधिक रोड प्रोजेक्ट का लाभ मिले साथ ही लागत में कमी आये। नई तकनीक अपनाने और अल्टरनेट सड़क मैटेरियल के यूज पर अधिक जोर दिया। मंत्री ने प्लांटेशन के कार्यो की भी समीक्षा की है और रोड साइड प्लांटेशन अधिक से अधिक करने को कहा। इसके साथ ही वनभूमि के कारण वैसे महत्वपूर्ण बड़े प्रोजेक्ट का भी रिव्यू किया जो पेडिंग हो गये हैं।

### हरमू भाजपा कार्यालय में भाजयुमो की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# भाजयुमो पार्टी की रीढ़ : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को हरमू स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक की शुरूआत बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने दीप प्रज्वलन कर की। बैठक में मोर्चा को मजबूत व विस्तार करने पर चर्चा हुई।

मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में हम सभी खास अभियान के लिए एकत्र हुए हैं। 2024 में पुनः हमे केंद्र में मोदी जी की सरकार बनानी है। अगर भारतीय जनता पार्टी कमजोर होगी





तो देश कमजोर होगा। युवाओं से आग्रह है कि पार्टी को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाएं और भारत माता की सेवा में निरंतर अपना योगदान दें।

**युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ताओ में छिपी है असीम शक्तियां: कर्मवीर** पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार के 9 वर्ष पूरे हो चुके हैं। देश हित में लाए गए योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हम सब का उद्देश्य होना चाहिए। इस कार्य के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा अपनी अहम भागीदारी निभा सकती है।

रोहित सहगल ने कहा कि वे पहली बार भगवान बिरसा की धरती पर आये हैं। बतौर मुख्य अतिथि ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने पर उन्होंने झारखंड प्रदेश भाजयुमो की टीम को धन्यवाद दिया।

भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी विनय जायसवाल ने कहा कि हम सब युवाओं का दायित्व है कि देश की सेवा में अपनी भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है उस सपने को साकार करने में भारतीय जनता युवा मोर्चा अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान करे। वहीं किसलय तिवारी ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि आजादी के इस अमृत महोत्सव में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान का हिस्सा बनने जा रहे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता केंद्र के कल्याणकारी योजनाओं को डोर टू डोर जाकर जनता को बतलाने का काम करेगी। हमें गर्व है कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं और आजीवन निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते रहेंगे। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी विनय जयसवाल, रूपेश सिन्हा, मनीष दुबे, पूजा सिंह समेत सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी एवं पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# शिक्षकों के स्थानांतरण में अभी समय लगेगा : के रवि कुमार

### शिक्षा सचिव ने शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर स्थिति की साफ



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने संगठनों को शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर स्थिति साफ कर दी है। दरअसल, सीएम के ओएसडी की सलाह पर शिक्षक संगठनों के सदस्य ने शिक्षा सचिव से निदेशालय में मुलाकात की। वार्ता के बाद शिक्षा सचिव को मांग पत्र सौंपा। शिष्टमंडल का नेतृत्व एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ झारखंड के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम प्यारे लाल एवं प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय और टीजीटी, पीजीटी अंतर जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ झारखंड के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि राजू रजक एवं श्वेता कुमारी ने किया। शिक्षा सचिव ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण में अभी समय लगेगा। पहले पति-पत्नी नौकरी, असाध्य रोग और विशेष परिस्थिति वाले का तबादला होगा। मैचुअल ट्रांसफर और अन्य स्थानांतरण पर भी समय लगेगा।

शिक्षक संगठनों के सदस्यों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में सुनीता से वार्ता की। उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने कहा कि अभी हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति हो रही है। इसीलिए स्थानांतरण प्रक्रिया पर रोक लगी हुई है। प्रारंभिक शिक्षक-शिक्षिकाओं के स्थानांतरण को लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में मांग पत्र संगठनों ने सौंपा। मौके पर सभी जिलों से प्राथमिक से लेकर +2 के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# आठ दिन की रिमांड खत्म दिनेश गोप को भेजा जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को आठ दिनों की पूछताछ के बाद आज मंगलवार को एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। साथ ही उसकी निशानदेही पर बरामद किये गये गोली व अन्य सामान भी कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने दिनेश गोप को न्यायित हिरासत में भेज दिया। दिनेश गोप को 22 मई को एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने उसे आठ दिनों की रिमांड पर भेज दिया था, जिसकी अवधि आज 30 मई को पूरी हो गयी। इस दौरान दिनेश गोप ने कई खुलासे किये हैं। उसकी निशानदेही पर भारी मात्रा में गोली और बारूद भी बरामद की गयी है।

**21 मई को गिरफ्तार हुआ था दिनेश गोप** : एनआईए ने दिनेश गोप को बीते 21 मई को नेपाल से गिरफ्तार कर दिल्ली के रास्ते रांची लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ 102 आपराधिक मामले दर्ज थे और उस पर 30 लाख रुपये का इनाम भी था।

**संगठन बेरोजगार युवकों को लालच देकर जोड़ता था** : एनआईए की जांच के अनुसार, पहले झारखंड लिबरेशन टाइगर्स के रूप में जाना जाता था, पीएलएफआई झारखंड में सैकड़ों आपराधिक घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। पीएलएफआई संगठन बेरोजगार युवकों को मोटर बाइक, मोबाइल फोन और आसानी से पैसा मुहैया कराने का लालच देता था.जबरन वसूली पीएलएफआई की आय का प्रमुख स्रोत है।

### मनरेगा में गड़बड़ी और कार्यालय से अनुपस्थित रहने का मामला

# तत्कालीन लिट्टीपाड़ा के बीडीओ राजीव कुमार मिश्रा की तीन वेतन वृद्धि पर रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ राजीव कुमार मिश्रा को दंडित किया है। वर्तमान में वह नगर परिषद मिहीजाम में कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनपर लगे आरोपों के आधार पर सेवा संपुष्टि की तिथि से तीन वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोक का दंड लगाया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। उनपर उपायुक्त पाकुड़ ने 13 जून 2016 के पत्र के द्वारा आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी।

ज्ञात हो कि जांच के दौरान यह बात भी सामने आयी थी कि बिना अनुमति के वे मुख्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में घोर वित्तीय अनियमित्ता, मनरेगा योजना अभिलेखों का संधारण नियमानुसार नहीं करने और मनरेगा योजनाओं का अभिलेख आदि जांच दलों को जांच के लिए प्रस्तुत नहीं करना है। पूरे मामले पर विभाग ने जांच कराने पर प्रथम दृष्टया सभी आरोप प्रमाणित पाया गया।

हालांकि तत्कालीन बीडीओ ने पिता के कैंसर से देहांत होने व अपने नवजात शिशु का ऑपरेशन कराने से मानसिक रूप से परेशान होने को कारण बताया। हालांकि विभाग उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और कार्रवाई का फैसला लिया है।

**एक अन्य मामले में भी हुई मिश्रा पर कार्रवाई** : राज्य सरकार ने तत्कालीन बीडीओ पाकुड़ राजीव कुमार मिश्रा पर एक और मामले में कार्रवाई की है। उनका एक वेतन वृद्धि रोकने का दंड दिया है। उनके उपर प्रमंडलीय आयुक्त दुमका के माध्यम से 19 फरवरी 2018 को कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी। उनपर मनरेगा योजना से पाकुड़ में चेकडैम निर्माण में गडबड़ी का आरोप लगा था। जांच में यह बात सामने आई कि 8.87 लाख की योजना में चेकडैम नाला व सड़क का प्राक्कलन 3280.84 फीट का बनाया गया था, जबकि सड़क की वास्तविक लंबाई 2290 फीट ही पाई गई। यह बात भी सामने आया कि मनरेगा गाइडलाइन के अनुसार किसी भी योजना में अभिकर्ता बनाने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन मिलीभगत से प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सुरेंद्र नाथ साहा को अभिकर्ता बनाया गया।

## भाजपा सरकार के नौ साल में जनता हुई कंगाल : रंजन कुमार



युवा राजद ने काली पट्टी बांधकर केंद्र सरकार के खिलाफ जताया विरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** युवा राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ मोरहाबादी में बापू वाटिका के समक्ष काली पट्टी बांधकर धरना दिया। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के नौ वर्षों में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और तानाशाही चरम पर पहुंच गई है। मोदी सरकार के नौ वर्षों में गलत नीतियों के कारण युवा, जवान, किसान, खिलाड़ी, महिला सभी वर्ग के लोग परेशान हैं। नोटबंदी, जीएसटी जैसे गलत फैसलों के वजह से देश की जनता कंगाल हो गई है। कार्यक्रम के उपरांत युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बापू वाटिका में आम का पेड़ लगाया गया।

**धरना में ये रहे मौजूद** : कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव फिरोज अंसारी, डॉ अविनाश, उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, जफीर खान, शौकत अंसारी, प्रदेश राजद उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव मंतोष यादव, महासचिव क्षितिज मिश्रा, कमलेश यादव, अजय यादव, सरोज देवी, गायत्री देवी, ममता कुजूर, उर्मिला सोरेंग, विक्की यादव, धर्मेंद्र सिंह, रवि जायसवाल, सुनील यादव, अभिषेक यादव, फरहान खान, शहनाज खातून, जफर अंसारी, अरशद अंसारी, गुलजार अंसारी, आर्यन समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### राज्य के हजारों अभिभावकों और उनके बच्चों के सपने अब लेने लगे आकार

# उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की प्रवेश परीक्षा संपन्न 7 जून को आयेगा मेरिट लिस्ट, 12 जून से दाखिला

**11986 सीटों के विरुद्ध मिले थे 41,330 आवेदन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए मंगलवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस परीक्षा में 37 हजार से अधिक बच्चे शामिल हुए। परीक्षाफल के आधार पर 7 जून को मेधा सूची का प्रकाशन किया जायेगा। इसके बाद 12 जून से स्कूलों में मेधा सूची के आधार पर दाखिला होगा।

मालूम हो कि इस परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाये गये थे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक हुई। परीक्षार्थियों में प्रवेश परीक्षा के लिए काफी उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने ट्विट के जरिए परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी थी। पहले से ही सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया था। जिन्हें किसी कारणवश प्रवेश पत्र नहीं मिल पाया था उन्हें सुबह 8.30 बजे तक संबंधित परीक्षा केंद्र में तत्काल प्रवेश पत्र बनाकर परीक्षा देने की अनुमति दी गई थी। बताते चलें कि उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के लिए सबसे अधिक आवेदन देवघर जिले से मिले थे। झारखंड के उत्कृष्ट विद्यालय में कुल 11986 सीट हैं, जबकि आवेदन 41,330 आये थे। सीट की तुलना में 345 प्रतिशत अधिक आवेदन आए थे।



## प्रवेश परीक्षा में 37309 विद्यार्थी हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उत्कृष्ट विद्यालयों में कुल 11986 उपलब्ध सीटों में दाखिले के लिए आयोजित चयन परीक्षा में कुल 37309 विद्यार्थी शामिल हुए। सबसे अधिक देवघर में 3915, पलामू में 3344, लोहरदगा 2517, चतरा में 2352, सरायकेला - खरसावां में 1818, गिरिडीह में 1693, पूर्वी सिंहभूम में 1638, रामगढ़ में 1607, रांची में 1554 विद्यार्थी शामिल हुए।

**बढ़ाई गई थी आवेदन जमा करने की समय सीमा** : अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई थी। उसी के तहत मंगलवार को चयन परीक्षा का आयोजन हुआ। अब प्रथम मेधा सूची 7 जून को जारी होगा एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

**हर ओर दिखा उत्साह** : प्रवेश परीक्षा देने आए बच्चों और उनके माता-पिता में खासा उत्साह देखने को मिला था। कई माता-पिता के लिए यह भावुक क्षण भी था। उनका सपना साकार हो रहा था। गरीबी उनके बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में आड़े नहीं आ रही थी।

### गरीब भी पढ़ सकेंगे सीबीएसइ स्कूलों में

जमशेदपुर निवासी रूबी दास को उम्मीद है कि उनकी बेटी अंजना दास भी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर सकेगी। रूबी दास आर्थिक समस्या की वजह से सीबीएसई संबद्धता प्राप्त स्कूल में पढ़ाई कराने में सक्षम नहीं थी लेकिन मुख्यमंत्री के पहल पर शुरू की गई उत्कृष्ट विद्यालयों ने बेटी को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करने का रास्ता साफ कर दिया। मालूम हो कि झारखण्ड में पहली बार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास के बाद अभिभावकों में अपने बच्चे-बच्चियों के नामांकन को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है।

# न कोई भूखा रहे और न कोई बेघर, आइये उनकी सेवा के लिए हाथ बढ़ाएं : बिशप मसकरेन्हस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के भुसाड़ गांव में मंगलवार को गरीब और वेघर लोगों के लिए शेल्टर होम स्ट्रीट प्रोविडेंस ट्रस्ट गोवा के साथ मिल कर डाल्टनगंज कैथोलिक धर्मप्रांत ने शेल्टर होम का शुभारंभ किया। रांची महाधर्मप्रांत के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने पवित्र जल का छिड़काव कर तथा विधिवत फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। मौके पर रांची आर्चडायसिस के ऑक्जिलियरी बिशप सह डाल्टनगंज के बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स इस मौके पर उपस्थित तमाम अतिथियों व अन्य लोगों का स्वागत किया। बिशप थियोडोर मसकरेन्हस ने इस मौके पर अपने प्रवचन में शेल्टर होम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कहा कि यह घर खासकर उन तमाम लोगों के लिए है जिनका कोई नहीं है। जो बेघर हैं और दिन में यहां वहां भटकते हुए सड़कों के किनारे रात गुजारने को विवश हैं। शेल्टर होम में उन सभी को ऐसे ही बेघर व भूखे लोगों को शरण दी जाएगी तथा मुफ्त सेवा दी जाएगी। इस मौके पर फुड बैंक का भी उद्घाटन किया गया। जिसमें एक फ्रीज है। जिसमें वैसे लोग जिनके पास जरुरत से ज्यादा अच्छा भोजन या खाद्य पदार्थ है वे उसे फेंके या बर्बाद न करें बल्कि फूड बैंक के फ्रीज में लाकर रख दें ताकि कोई भी भूखे या जरुरतमंद को वह भोजन नसीब हो सके।

इस भोजन का उपयोग शेल्टर होम के लोग करेंगे। बिशप थियोडोर ने कहा कि मौजूदा आर्थिक विषमता, गरीबी, लाचारी व भूखमरी का दंश झेलने वालों की स्थिति को देखते हुए हम में से प्रत्येक को गरीब, लाचार व बेघर लोगों के प्रति संवेदनशील होने की जरुरत है। यदि सभी चाहें तो कोई भूखा नहीं सोएगा क्योंकि प्रतिदिन बहुत सारा अच्छा भोजन बर्बाद होता है। उसे बर्बाद होने से बजाएं। फेकें नहीं क्योंकि फूड बैंक में इसे पहुंचाकर किसी भूखे का पेट भरा जा सकता है।

### हम सभी को बेघर, भूखे व जरुरतमंदों के लिए निःस्वार्थ सेवा देने की जरुरत : आर्चबिशप फेलिक्स

रांची माहधर्मप्रांत के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने अपने आशीर्वचन में कहा कि ईश्वरीय प्रेरणा के अनुसार हम सभी को निःस्वार्थ सेवा में अपना योगदान देने की जरुरत है। मन, वचन, शरीर व सामर्थ्य से लोगों की सेवा करें। मनिका विधान सभा के एमएलए रामचंद्र ने इस महान कार्य के लिए धन्यवाद एवम प्रोत्साहन दिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बंधु तिर्की ने कहा कि जिस शेल्टर होम का उदघाटन किया जा रहा है वह लातेहार जिला के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि आज समाज में लोग सिमटते जा रहे हैं। दूसरे का ख्याल नहीं रखते हैं ऐसे में यह कदम उठाना सराहनीय पहल है। इससे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। कृषि विकास केंद्र के मैनेजर फादर प्रदीप पन्ना ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। उपस्थित लोगो में लातेहार कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड के सभी मुख्यगण, विभिन्न स्थानों से आए पुरोहित, सिस्टर्स उपस्थित थीं।

## खबर एक नजर में

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन आज

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में बुधवार, को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रमोद कुचलाकान्ति (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने ईलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये। ज्ञात हो कि सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सके।

### मरहबा ह्यूमन सोसायटी ने आजमी ने हज के बीच बैग और तायिमुम की मिट्टी बांटी



**रांची।** झारखंड से आजमीने हज की पवित्र हज यात्रा पर जाने का सिलसिला शुरु हो चुका है। जिसमें झारखंड से जाने वाले आजमीने हज की पहली उड़ान 01 जून से कोलकाता से मदीना के लिए कोलकाता से 1 जून से शुरू हो रही है। रांची से कोलकाता होते हुए मदीना जाने वाले आजमीनों की सुविधाओं को ध्यान में रख मरहबा ह्यूमन सोसायटी ने मंगलवार को आजमीने हज के बीच` बैग और तायिमुम की मिप्ती त्तोहफे के तौर पर दिया। इस बैग में आजमीन पानी की बॉटल,खाने के हल्के समान और चप्पल रख कर अपने हज के अरकान को करने में सहूलियत होती है। मरहबा ह्यूमन सोसायटी के सचिव सचिव नेहाल अहमद की रांची रेलवे स्टेशन पर इस बैग का वितरण किया गया। अगुआई में इस बैग का वितरण रांची रेलवे स्टेशन में किया गया। मौके पर उपस्थित लोगो में सोसाइटी के नायब सदर मो शमीम,नेहाल अहमद,आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली,झारखंड डेफ क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन एम. एम.सिद्दीकी,पठान तंजीम के नायब सदर शहजाद खान ,समाज सेवी साजिद ऊमर,प्रोफेसर नेजामुद्दीन जुबैरी व अन्य मौजूद थे।

## गुरु नानक सेवक जत्था ने बच्चों के लिए शुरु किया गुरवाणी क्लास



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था के द्वारा मंगलवार से गुरवाणी क्लास का शुभफारंभ किया गया। समर कैंप के रुप में संचालित इस गुरवाणी क्लास में हिस्सा ले रहे बच्चों को जत्था के सदस्यों ने गुरमुखी भाषा लिखे, व पढ़ने की जानकारी दी रहे हैं। गुरवाणी क्लास में तीन वर्ष से लेकर पंद्रह साल की आयु तक के 48 बच्चे शामिल हुए। उन्हें गुरमुखी लिखने व पढ़ाने में जत्था के गोल्डी मिढ़ा, मुकेश मुंजाल, दीपू खत्री, मिताली तेहरी एवं रिशा मुंजाल अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि यह गुरमुखी क्लास बच्चों के समर वेकेशन तक आयोजित की गई है और आगामी सितंबर माह में गुरवाणी कम्पीटिशन कराया जाएगा,जिसका सिलेबस भी जत्था के मनीष मिढ़ा द्वारा तैयार किया जा रहा है और इसमें सभी सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं।

### 9 जून तक राजधानी में डिप्लोमा इन फामेर्सी की परीक्षा

**रांची।** डिप्लोमा-इन-फामेर्सी परीक्षा समिति, झारखण्ड द्वारा आयोजित राज्य में डिप्लोमा-इन-फामेर्सी परीक्षा 9 जून तक ली जानी है। इस बीच एक दिन 4 जून को परीक्षा नहीं होगी। इस क्रम में हर दिन प्रथम पाली 09:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्याहन तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा होगी। इसके लिए परीक्षा केंद्र (वाई. बी. एन. यूनिवर्सिटी राजाउलातू, नामकुम, रांची) को तय किया गया है। परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु रांची डीसी एवं एसएसपी, रांची के द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## महिलाओं के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सीएमपीडीआई की टीम ने मंगलवार को रांची में झारखंड की 50 महिला उम्मीदवारों के बीच पाठ्यक्रम समापन प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। सीएमपीडीआई की सीएसआर पहल के तहत प्रायोजित जनरल ड्यूटी असिस्टेंस का 4 महीने का प्रशिक्षण कार्यक्रम थ्योरी एंड ऑन द जॉब ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरा किया।

मौके पर सीएमपीडीआई की टीम और प्रयास जेएसी की टीम मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि सामान्य ड्यूटी सहायता प्रशिक्षण कार्यक्रम में उम्मीदवारों को बुनियादी नर्सिंग देखभाल और बीमार रोगियों के उपचार आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। ये प्रमाणित महिला उम्मीदवार अस्पतालों, वृद्धाश्रमों, रोगी गृहों, सामुदायिक देखभाल केंद्रों और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में कार्य कर सकती हैं। अब तक 12 महिला उम्मीदवारों को विभिन्न अस्पतालों में कार्य पर रखा गया है। इस परियोजना का उद्देश्य महिलाओं को गरीबी से निजात दिलाना और उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में सक्षमता प्रदान करना है। इस पहल को गति देने हेतु सितम्बर, 2022 में सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास/ सीएसआर) आरके महापात्रो एवं प्रयास जेएसी सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक इंदु रानी सिंह के मध्य 10.98 लाख रुपए लागत वाली प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न करने हेतु एक एमओए पर हस्ताक्षर किया गया था।

## ग्रीष्मकालीन मलखंब प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**खबर मंत्र संवाददाता**



**रांची।** जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रहा दस दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, सेक्टर -2, धुर्वा, रांची में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में पूरे रांची जिले से लगभग सत्तर बालक-बालिकाओं को मलखंब खेल के अन्तर्गत पोल मलखंब, रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड का बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को जेनरल वार्मअप के उपरांत जमीन पर सभी प्रकार के योगासन का अभ्यास एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को लचीलापन बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार, अनुशिखा कुमारी, रशिम कुमारी, नवनियुक्त प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक पूनम एक्का, अनीता कुमारी, राजीव उरांव, जयंती एक्का, कुलदीप सोरेंग ने सहयोग किया। समापन समारोह पर रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा, संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी एवं खेल प्रेमी अमित साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर दुर्गेश बेसरा, सुभाष गांगुली, कौशल कुमार, राजीव उरांव, सौम्या सेजल वर्मा, प्रीति कुमारी, धीरज सिंह, विक्की लोहरा एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## इमा ने पदक विजेता कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वावधान में होटल रेनड्यू में पिछले दिनों संपन्न ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में राज्य के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विशिष्ट अतिथि खूंटी सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार एवं इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोप्ता के हाथों संयुक्त रुप से सभी पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। महुआ माजी ने बतौर मुख्य अतिथि सभी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरुरत है तो उसे चिन्हित कर निखारने की। उन्होंने कहा कि हमारे कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहरा रहे हैं। यह राज्य के लिए गर्व की बात है। शिहान सुनील किस्पोप्ता ने कहा कि जिस उम्दा प्रदर्शन से खिलाड़ियों ने राज्य के लिए पदक हासिल किया है और दिल्ली में होने वाले अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है वे खिलाड़ी आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि दिल्ली में भी उनका बेहतर प्रदर्शन रहेगा।

सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में अक्षज जायसवाल, आशीन ज्यूरियल मिंज, आरोही, भूमि कच्छप, ऐलिसन रूपुल खाखा, शालिनी कुमारी उरांव एवं झारखंड पुलिस में कार्यरत 55 वर्षीय रंथु उरांव शामिल हैं। मौके पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष संसाई अनिल किस्पोप्ता अभिभावक गण एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## एकल फ्यूचर ने करम टोली तालाब पर की गंगा आरती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एकल अभियान की युवा इकाई एकल फ्यूचर रांची महानगर ने मंगलवार को गंगा दशाहरा के पावन अवसर पर रांची के करमटोली चौक स्थित करम टोली तालाब पर गंगा आरती की। इस अवसर पर करम टोली तालाब के घाट को पुष्प एवं दीयों तथा आकर्षक रंगोली से सजाया गया। सैकड़ों युवाओं ने गंगा मां की आरती की। पांच बहनों द्वारा पंच शंख ध्वनि से वातावरण गुजंयमान हो उठा। इसके साथ-साथ पांच बहनों की अगुवाई में सामूहिक गंगा मां की आरती सस्वर वाद्य यंत्रों के माध्यम से की गई। जबकि एकल श्री हरि कथा के व्यास कथाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रमुख डा. ललन कुमार शर्मा, वनवंधु परिषद् रांची चैप्टर के अध्यक्ष रमेश धरनी धरका, जे.सी.आई की अनीता अग्रवाल ने गंगा दशहरा पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रशांत कुमार सिंह, अमरेंद्र विष्णुपुरी, संजय साहू, शशिकांत, हिमांशु दूबे, श्वेता सिंह, पूजा केशरी, पल्लवी, डॉ. पूजा, डॉ. वरूण, अमन कुमार, आयुष तिवारी, अंकित कुमार, सुमित पोद्दार, उषा जलान, राज कुमारी जैन, दीपक अग्रवाल, मुकेश और पवन मंत्री उपस्थित थे।

### मंडल रेलवे अस्पताल हटिया के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर डॉक्टरों की ली जायेगी सेवा

**रांची।** रांची रेल मंडल (दक्षिण पूर्व रेलवे) को अपने हटिया स्थित मंडल रेलवे अस्पताल के लिए डॉक्टरों (सीएमपी- कॉन्ट्रै्ुअल मेडिकल प्रैक्टिसनर) की जरूरत है। इसके लिए डायरेक्ट इंटरव्यू के आधार पर योग्य कैंडिडेट का चयन करेगा। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक), रांची की ओर से बताया गया है कि एक वर्ष की अवधि के लिए वह सीएमपी को कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त करेगा। 12 जून को सुबह 10 बजे से सीधे साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। मंडल रेलवे अस्पताल, दक्षिण पूर्व रेलवे, हटिया स्थित मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कार्यालय में इंटरव्यू प्रोग्राम होगा। एमबीबीएस पास होने के अलावा कैंडिडेट का एमसीआई या स्टेट मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना जरूरी होगा। उसकी उम्र 53 साल से अधिक नहीं होनी चाहिये। अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।

## सीएमपीडीआई में सीटू का स्थापना दिवस मना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएमपीडीआई, मुख्यालय, रांची में एनसीओईए (सीटू) का 53वां स्थापना दिवस मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर एनसीओईए के अध्यक्ष कॉमरेड डीडी रामानंदन के द्वारा सीएमपीडीआई परिसर में यूनियन झंडा फहरा कर किया। कार्यक्रम सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से मनाया गया। इस मौके पर रामानंदन ने सीटू की स्थापना के कारणों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं सीटू के महामंत्री कॉमरेड आरपी सिंह ने भी अपना विचार प्रकट किया। स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉ.समीर विश्वास, राजेश सिन्हा, आदित्य कुमार, प्रलय भप्ताचार्जी, दीपांकर कुंवर, भूपेन्द्र सिंह, रोहित सिंह, रितु नुनिया, सोनिया दास, बनार्ली बानिक, जोबा राय, विनोद सिंह, सुभाशीष बनर्जी के अलावा यूनियन के अन्य कॉमरेड उपस्थित थे।

## पावर हाउस चुटिया स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पावर हाउस चुटिया स्थित श्री श्री 1008 संकट मोचन हनुमान मंदिर पिछले दिवस भण्डारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या भक्तगण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद महुआ माजी उपस्थित रहीं। मंदिर समिति के सदस्य मंगल बैठा, मुख्य संरक्षक महावीर रजक, क्रांति कुमार, रंजन यादव, संजय ठाकुर, वीरू बैठा, दिलीप चौधरी, संजीव महतो, किशोर राम (समाजसेवी), हेमंत कुमार समेत कमेटी के सभी सदस्य गण उपस्थित थे ।

## आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन के लिए पुंदाग स्टेशन पर ट्रेनों का होगा अस्थाई ठहराव

### दो, तीन व चार जून को होगा महासम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** आनंद मार्ग धर्म महासम्मेलन के लिए 31 मई से 7 जून तक के लिए रांची रेलवे की ओर से कई गाड़ियों का पुंदाग स्टेशन पर एक मिनट के लिए ठहराव दिया गया है। यह सम्मेलन 2, 3 और 4 जून को पुंदाग स्थित आनंद नगर में होना है।

इन ट्रेनों में अस्थायी तौर पर अतिरिक्त कोच की सुविधा

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन संख्या 18631/18632 रांची - चोपन - रांची एक्सप्रेस ट्रेन में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है। इनमें ट्रेन संख्या 18631 रांची - चोपन एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है, जिसमें 3 जून से 1 सितंबर 2023 तक सामान्य श्रेणी चेयर कार का एक अतिरिक्त कोच एवं वातानुकूलित चेयर कार का एक अतिरिक्त कोच (कुल 02 अतिरिक्त कोच) लगाए जाएंगे। इसके अलावा ट्रेन संख्या 18632 चोपन - रांची एक्सप्रेस ट्रेन में 4 जून से 2 सितंबर 2023 तक सामान्य श्रेणी चेयर कार का 01 अतिरिक्त कोच एवं वातानुकूलित चेयर कार का 01 अतिरिक्त कोच (कुल 02 अतिरिक्त कोच) लगाए जाएंगे।

**पावर ब्लॉक के चलते इन ट्रेन सेवाओं पर होगा असर :** आद्रा मण्डल में विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक तथा पावर ब्लॉक लिया जाएगा। ऐसे में रांची रेल मण्डल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। **ये ट्रेनें रहेंगी रद्द :** ट्रेन संख्या 08641/08642 आद्रा - बरकाकाना - आद्रा मेमू पैसेंजर स्पेशल, यात्रा प्रारम्भ 7 जून को रद्द रहेगी।

इसके अलावा ट्रेन संख्या 18620 गोड्डा - रांची एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 6 जून को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्द्रपुरा - बरकाकाना - मूरी होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 18621 पटना - हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारम्भ 6 जून को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चन्द्रपुरा - बरकाकाना- मूरी होकर चलेगी।

### इन गाड़ियों का होगा ठहराव

| | |
|---|---|
| ट्रेन संख्या 13303 धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 18619 रांची - दुमका एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 13304 रांची - धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 18620 दुमका - रांची एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 13403 रांची - भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टील सिटी - आसनसोल पैसेंजर स्पेशल |
| ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर - रांची वनांचल एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 18625 पुर्णिया कोर्ट - हटिया एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 15027 हटिया - गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 18626 हटिया - पुर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर - हटिया मौर्य एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 18623 इस्लामपुर - हटिया एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला - जयनगर एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 18624 हटिया - इस्लामपुर एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 18106 जयनगर - राउरकेला एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 13319 दुमका - रांची एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा - रांची एक्सप्रेस | ट्रेन संख्या 13320 रांची - दुमका एक्सप्रेस |
| ट्रेन संख्या 18628 रांची - हावड़ा एक्सप्रेस | |

## 2047 का विकसित भारत


विकासशील भारत' थीम पर आज नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की आठवीं बैठक संपन्न हुई। नीति आयोग की 8वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि इस समय भारत टेक ऑफ मोमेंट में है। हम सिर्फ जनसंख्या के मामले में विश्व के सबसे बड़े देश हैं। कुछ साल में विश्व के 20% काम करने वाले आयुवर्ग के लोग भारत में होंगे। अगर इस समय( अगले 25 साल) सही चीजें की गई तो भारत निरंतरता के साथ लंबी अवधि तक तेज गति से विकास कर सकता है। हम न केवल जनसंख्या के हिसाब से सबसे बड़े देश हैं बल्कि 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी हैं। पांचवां कुछ वर्षों में तीसरा बनने जा रहा है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि जनसांख्यिकी न केवल लोगों की कुल संख्या के लिहाज से बल्कि युवाओं की संख्या के लिहाज से भी हमारे पक्ष में है। अगले कुछ वर्षों में भारत में दुनिया की कामकाजी उम्र की आबादी का लगभग 20% हिस्सा होगा और यह अगले 20 वर्षों के लिए कामकाजी उम्र के लोगों का सबसे बड़ा प्रदाता बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक एक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया और राज्यों से आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने को कहा जो देश के सपनों को पूरा करने वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में सक्षम हों। मोदी ने नीति आयोग की आठवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही, जिसमें कई मुख्यमंत्रियों, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों और केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। राज्यों से वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण निर्णय लेने का भी आग्रह किया जो उन्हें वित्तीय रूप से मजबूत और नागरिकों के कल्याण के लिए कार्यक्रम चलाने में सक्षम बनाएगा।

## चीन, पाक में फेल

साल 2013 में चीन ने बेल्ट एंड रोड एनिसिएटिव (बीआरआई) के तहत जब सीपीईसी ( चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे) का प्रस्ताव पेश किया था तो उसी वक्त भारत की तरफ से इस पर आपत्ति जताई गई थी। भारत ने तब कहा था कि ये भारत की सर्वभौमिकता के खिलाफ है और चीन को इसके कार्यान्वयन से गुरेज करना चाहिए। सीपैक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा चीन पाकिस्तान रेल सर्विस है जो बलूचिस्तान के ग्वादर तट से चीन के शिनजियांग प्रांत के काश्गर तक जाएगी। 3 हजार किलोमीटर की लंबी ये रेल लाइन चीन के पश्चिमी प्रांत को अरब सागर से जोड़ेगी और सामरिक दृष्टि से बहुत महत्व रखती है। चीन की ये योजना फेल होती नजर आ रही है। चीन इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी गंभीर था। अब उसे ही मजबूर होकर इस प्रोजेक्ट के तहत बन रही सड़क की बजाए ग्वादर पोर्ट से अपना माल भेजने पर मजबूर होना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 24 मई को इस बंदरगाह से पहली बार पांच कंटेनरों का शिपमेंट चीन रवाना किया गया। पाकिस्तान की कंगाली और राजनीतिक अस्थिरता व सैन्य संस्थानों में फैले भ्रष्टाचार, सिंध प्रांत में स्थानीय लोगों का प्रोजेक्ट को लेकर विरोध के बड़ी वजह है जिससे चीन के सपनों के पूरा होने पर अनिश्चितता बरकरार है। यह इलाका पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से लगा हुआ है। इसकी भौगोलिक स्थिति की वजह से यह इलाका भारत के लिए सामरिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत का ऐतराज इस बात से है कि इस रेल लाइन और उसके साथ बनने वाले हाइवे का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। चूंकि ये भारत की जमीन है तो इस पर किसी भी तरह का निर्माण भारत की सहमति के बिना होना गलत होगा। लेकिन, चीन ने भारत की बात नहीं मानी थी।

# स्वातंत्र्यवीर सावरकर और हिन्दू, हिन्दी, हिन्दुस्तान





**- रमेश धमोरा**

> सावरकर ने लंदन के ग्रेज इन लॉ कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद इंडिया हाउस में रहना आरम्भ कर दिया। इंडिया हाउस उस समय राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र था जिसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चला रहे थे। सावरकर ने 1857 की क्रांति पर आधारित पुस्तकों का गहन अध्ययन किया और द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस नामक पुस्तक लिखी। उन्होंने इस बारे में भी गहन अध्ययन किया कि अंग्रेजों को किस तरह जड़ से उखाड़ा जा सकता है।

**स्वातंत्र्यवीर** सावरकर (विनायक दामोदर सावरकर) की देश ने 140वीं जयंती28 मई को मनायी। वह सारी उम्र हिन्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तान के लिए जिये। भारत के महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, इतिहासकार, राष्ट्रवादी और प्रखर विचारक वीर सावरकर हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा के उन्नयन के प्रथम शिखर पुरुष हैं। वकील, राजनीतिज्ञ, कवि, लेखक और नाटककार वीर सावरकर हिन्दुत्व के पुरोधा हैं। उनके राजनीतिक दर्शन में उपयोगितावाद, तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद, मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यावहारिकता और यथार्थवाद के तत्व हैं। वह सभी धर्मों के रूढ़िवादी विचारों के विरोधी थे।

वीर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र में नासिक के भागुर गांव में मां राधाबाई तथा पिता दामोदर पन्त सावरकर के घर पर हुआ था। इनके दो भाई गणेश (बाबाराव) व नारायण दामोदर सावरकर तथा एक बहन नैनाबाई थीं। वीर सावरकर नौ वर्ष के थे तभी हैजे की महामारी में उनकी मां का देहान्त हो गया। 1899 में प्लेग की महामारी में उनके पिता भी स्वर्ग सिधार गए। बड़े भाई गणेश ने परिवार के पालन-पोषण का कार्य संभाला। दुख की इस घड़ी में गणेश के व्यक्तित्व का विनायक पर गहरा प्रभाव पड़ा।

वीर विनायक ने शिवाजी हाईस्कूल नासिक से 1901 में मैट्रिक की परीक्षा पास की। बचपन से ही वे पढ़ाकू थे। घर में आर्थिक संकट के बावजूद भाई बाबाराव ने विनायक की शिक्षा जारी रखी। इसी दौरान वीर सावरकर नवयुवकों को संगठित करके मित्र मेलों का आयोजन कर राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने लगे। साल 1901 में यमुनाबाई के साथ उनका विवाह हुआ। उनके ससुर रामचन्द्र त्रयम्बक चिपलूणकर ने उनकी विश्वविद्यालय की शिक्षा का भार उठाया। 1902 में मैट्रिक की पढ़ाई पूरी करके उन्होंने पुणे के फर्ग्युसन कालेज से बीए किया। इनके पुत्र विश्वास सावरकर एवं पुत्री प्रभात चिपलूनकर थी।

1904 में उन्होंने अभिनव भारत नामक एक क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। 1905 में बंगाल के विभाजन के बाद उन्होंने पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाई। बाल गंगाधर तिलक के अनुमोदन पर 1906 में उन्हें श्यामजी कृष्ण वर्मा छात्रवृत्ति मिली। इंडियन सोशियोलाजिस्ट और तलवार नामक पत्रिकाओं में उनके लेख प्रकाशित हुए। यह बाद में कलकत्ता के युगान्तर पत्र में भी छपे। सावरकर रूसी क्रांतिकारियों से ज्यादा प्रभावित थे।

10 मई 1907 को उन्होंने इंडिया हाउस लंदन में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर विनायक सावरकर ने अपने ओजस्वी भाषण में सप्रमाण 1857 के संग्राम को गदर नहीं अपितु भारत की स्वतंत्रता का प्रथम संग्राम सिद्ध किया। जून 1908 में इनकी पुस्तक द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंड्स1857 तैयार हो गई थी। परंतु इसके मुद्रण की समस्या आई। बाद में यह पुस्तक गुप्त रूप से हॉलैंड से प्रकाशित हुई। इस पुस्तक में सावरकर ने 1857 के सिपाही विद्रोह को ब्रिटिश सरकार के खिलाफ स्वतंत्रता की पहली लड़ाई बताया था। मई 1909 में इन्होंने लंदन से बार एट ला (वकालत) की परीक्षा उत्तीर्ण की परन्तु उन्हें वहां वकालत करने की अनुमति नहीं मिली।

सावरकर ने लंदन के ग्रेज इन लॉ कॉलेज में प्रवेश लेने के बाद इंडिया हाउस में रहना आरम्भ कर दिया। इंडिया हाउस उस समय राजनीतिक गतिविधियों का केन्द्र था जिसे श्यामा प्रसाद मुखर्जी चला रहे थे। सावरकर ने 1857 की क्रांति पर आधारित पुस्तकों का गहन अध्ययन किया और द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडियन इंडिपेंडेंस नामक पुस्तक लिखी। उन्होंने इस बारे में भी गहन अध्ययन किया कि अंग्रेजों को किस तरह जड़ से उखाड़ा जा सकता है। लंदन में उनकी मुलाकात लाला हरदयाल से हुई। लाला इंडिया हाउस की देखरेख करते थे। 1 जुलाई, 1909 को मदनलाल ढींगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाइम्स में एक लेख भी लिखा। मार्च 1910 में वीर सावरकर को तोड़फोड़ और युद्ध के लिए उकसाने से संबंधित विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया और उन्हें मुकदमे के लिए भारत भेजा गया। 24 दिसम्बर, 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

एक-दूसरे मुकदमे में उन्हें भारत में एक ब्रिटिश जिला मजिस्ट्रेट की हत्या में उनकी कथित मिलीभगत का दोषी ठहराया गया। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। इस प्रकार वीर सावरकर को ब्रिटिश सरकार ने क्रांति की अलख जगाने के लिए के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी। यह विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा के रूप में दर्ज है। सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जीवन भर के लिए हिरासत में रखने के लिए अंडमान द्वीप भेज दिया गया। उन्हें 1921 में वहां से वापस भारत लाया गया और 1924 में नजरबंदी से रिहा कर दिया गया।

सावरकर को 1937 में पहली बार हिन्दू महासभा का अध्यक्ष चुना गया। 1938 में हिन्दू महासभा को राजनीतिक दल घोषित कर दिया गया। उन्हें लगातार छह बार अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। हिन्दू राष्ट्र की राजनीतिक विचारधारा को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। आठ अक्टूबर, 1949 को उन्हें पुणे विश्वविद्यालय ने डी-लिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया। 10 नवंबर, 1957 को नई दिल्ली में आयोजित 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शाताब्दी समारोह में वे मुख्य वक्ता रहे। आठ नवम्बर, 1963 को उनकी पत्नी यमुनाबाई चल बसीं। सितंबर 1965 से उन्हें तेज ज्वर ने आ घेरा, जिसके बाद उनका स्वास्थ्य गिरने लगा। एक फरवरी 1966 को उन्होंने मृत्युपर्यन्त उपवास करने का निर्णय लिया। भारत के इस महान क्रांतिकारी ने 26 फरवरी, 1966 को आखिरी सांस ली।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### खास बात

## कामना रहित दान

**सीताराम गुप्ता**

**शास्त्रों** में कहा गया है कि सैकड़ों हाथों से एकत्र करो और हजारों हाथों से बांटो। जो बांटता है वही पाता है। दान वस्तुतः प्राप्ति का ही दूसरा नाम है। आप जो देते हैं वही आपका है, शेष कुछ भी आपका नहीं। गुरु नानक देव जी भी कहते हैं कि जो भी आप देते हैं आपका है जो भी आप रख लेते हैं आपका नहीं है। इसीलिए उन्होंने पिता द्वारा व्यापार के लिए दिए गए पैसे भी साधु-संतों की सेवा में लगा दिए। भौतिक जगत में भी यही होता है। दुनिया का नियम है इस हाथ दे उस हाथ ले। लेने के लिए, प्राप्त करने के लिए पहले देना पड़ेगा। फसल काटने के लिए फसल बोनी पड़ेगी। लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या हमें देना आता है? दान का वास्तविक स्वरूप क्या है? दान ही देना हो तो सात्विक दान देना चाहिए। राजसिक अथवा तामसिक दान का कोई महत्त्व नहीं होता। श्रीमद्भगवद्गीता के सत्रहवें अध्याय के बीसवें श्लोक में श्री कृष्ण कहते हैं– जो दान कर्तव्य समझकर, किसी प्रत्युपकार की आशा के बिना, समुचित काल तथा स्थान में और योग्य व्यक्ति को दिया जाता है वह सात्विक दान माना जाता है।

जो कष्ट से दान करते हैं और यही कष्ट उनका ईमान है। ऐसे लोग भी हैं जो दान करते हैं लेकिन उन्हें दान करते कष्ट नहीं होता। न उन्हें प्रसन्नता की कामना होती है, न पुण्य कमाने की। यही वास्तविक दान है। दान में राशि का भी महत्व नहीं होता। यदि महत्त्व होता है तो वह है भावनाओं का। शुद्ध भावना से दिया गया दान ही वास्तविक दान की श्रेणी में आता है। दान का वास्तविक स्वरूप क्या हो सकता है इस पर एक प्रसंग का स्मरण हो रहा है। एक नगर में एक विशाल चिकित्सालय का निर्माण होना था। जोर-शोर से चंदा इकट्ठा किया जाने लगा। सबसे ज्यादा दान देने वाले का नाम दानपट्टिका में सबसे ऊपर मोटे अक्षरों में लिखा जाना था। लालाजी ने पूछा कि भाई मुझसे क्या सेवा चाहते हो? आगंतुकों में से एक ने कहा कि इन्होंने ग्यारह लाख रुपये दिये हैं अतः आप कम से कम बारह लाख रुपये अवश्य दें जिससे दानपट्टिका में आपका नाम सबसे ऊपर मोटे अक्षरों में लिखा जा सके। लालाजी ने कहा कि मेरा नाम सबसे ऊपर लिखने की जरूरत नहीं है।

## जीवन मूल्य

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**एक** गणिका का प्रस्ताव राजा रोमपाद को पसंद आया। गणिका ने एक योजना पर काम किया। कई बड़ें नौका को मिलाकर उस पर मिट्‌टी भरवाकर उसे उद्यान का रुप दिया। उस पर फूल-पौधे लगवा दिया। इसके बार गंगा के उस तट पर पहुंची जहां विभांडक और श्रंगी ऋषि रहते थे। गणिका ने पता किया कि कब विभांडक ऋषि आश्रम से बाहर रहते हैं। वह ऋषि कुमार का भेष बनाकर श्रंगी ऋषि से मिली और उन्हें फल और मिठाई भेंट की। उनसे बातचीत के क्रम में मित्रता करने के उपरांत उनसे अपने आश्रम में चलने का आमंत्रण दिया। यह आश्रम उसी नाव पर बने बागीचा में था। श्रंगी ऋषि ने उनका आमंत्रण स्वीकार कर नाव जोड़कर बनाये गये उद्यान में स्थित आश्रम में पहुंचे। गणिकाओं ने जो वेश बदल रखा था नाविकों को इशारा किया और नाव पर स्थित बागीचा गंगा के दूसरे तट पर लग गयी। ऋषि पुत्र श्रंगी को पता ही नहीं चला और जैसे ही उन्होंने अंग देश की धरती पर पैर रखा बारिश होने लगी। बारह वर्ष से जो अकाल और अनावृष्टि थी वह समाप्त हो गयी।

जब विभांडक ऋषि आश्रम लौटे तो अपने पुत्र श्रंगी को आश्रम में न पाकर यह देखा की उनके पुत्र के साथ छल किया गया है। वे क्रोधित हो गये। वे बोले मैं राजा और उसके राज्य को जला डालूंगा। राजा को पता चला तो वह अपने मंत्रियों पुरोहितो और अपनी बेटी शांता के साथ विभांडक ऋषि के आश्रम में आये। पुरोहितों ने विभांडक को समझाया।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

भारत क्यों समर्थवान हो रहा है, भारत क्यों अपनी पहचान, अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा और अपने आदर्शों की ओर लौट रहा है, भारत क्यों सशक्त हो रहा है। संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम का बहिष्कार करने का बहाना कुछ भी हो, लेकिन असल कारण यही है कि विपक्षी भारत की उन्नति से बहुत उदास हैं।

**–बाबूलाल मंराडी, भाजपा**

### आपके ट्वीट

महिलाओं का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। एसएचजी एवं ग्राम संगठनों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने में झारखंड अग्रणी रहा है। पंचायतों में भी इनकी भागीदारी के मामले में राज्य की गिनती अव्वल राज्यों में होती है **– हेमंत सोरेन**





नया संसद भवन' हमारे सांस्कृतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना, लोक-कल्याण की भावना, उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों व सनातन की सात्विक मयार्दाओं का प्रतिनिधित्व करता है।यह सच्चे अर्थों में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की समेकित तस्वीर है। **– आदित्यनाथ**

## तेल के मूल्यों से प्राप्त कर का सही उपयोग करे सरकार

**भरत झुनझुनवाला**

### सामयिक

**जनता** तेल के बढ़ते दामों को लेकर परेशान है। बीते चार वर्षों में विश्व बाजार में कच्चे ईंधन तेल का दाम लगभग 40 से 70 डालर प्रति बैरल रहा था। इस सम्पूर्ण अवधि में भारत में पेट्रोल का दाम लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर रहा था। वर्तमान में विश्व बाजार में कच्चे तेल का दाम 65 डालर प्रति बैरल है। इसलिए आशा की जाती थी कि भारत में पेट्रोल का दाम भी लगभग 70 से 75 रुपये प्रति लीटर ही रहेगा। लेकिन अपने देश में पेट्रोल का दाम 90 से 100 रुपये प्रति लीटर हो गया है जो कि प्रथम दृष्टया अनुचित दिखता है।

वर्तमान में तेल के ऊंचे दाम को समझने के लिए कोविड के प्रभाव को समझना होगा। बीते वर्ष जून के माह में कोविड संकट के कारण तमाम देशों ने लॉकडाउन लगा दिए थे, जिससे यातायात और उद्योग ठप हो गये थे और विश्व बाजार में कच्चे तेल की मांग काफी गिर गयी थी। यहां तक कि कई तेल कम्पनियों ने जिस तेल को जहाजों पर भर रखा था, उसे वे शून्य मूल्य पर भी बेचने को तैयार थे, ताकि जहाज को खाली किया जा सके और जहाज को खड़े रखने का डैमरेज न पड़े। उस समय अपने देश में भी आयातित कच्चे तेल का दाम कुछ कम हुआ था। बताते चलें कि कुछ तेल का आयात तत्काल बाजार भाव पर किया जाता है लेकिन अधिकतर तेल का आयात लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत किया जाता है, जिसके अंतर्गत आयात किये गये तेल का मूल्य तात्कालिक बाजार भाव से प्रभावित नहीं होता। इसलिए यदि बाजार में तेल का भाव शून्य हो गया तो इसका अर्थ यह नहीं है कि शून्य मूल्य पर भारत मनचाही मात्रा का तेल खरीद सके। यदि भारत कुछ तेल शून्य मूल्य पर खरीदता भी है तो भी लम्बी अवधि के समझौतों के अंतर्गत पूर्व में निर्धारित मूल्यों पर तेल को खरीदते रहना पड़ेगा। फिर भी बीते वर्ष कोविड संकट के समय भारत द्वारा खरीदे गये तेल के मूल्य में गिरावट आई थी। उस समय भारत सरकार ने तेल पर वसूल की जाने वाली एक्साइज डयूटी को बढ़ा दिया।

तेल के ऊंचे दाम का प्रभाव मुख्यतः ऊपरी वर्ग पर पड़ता है। अपने देश में तेल के मूल्य का ऊपरी और कमजोर वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव के आंकड़े उपलब्ध नहीं हुए लेकिन अध्ययन के अनुसार यानी ऊपरी वर्ग पर तेल के बढ़े हुए मूल्यों का सोलह गुना प्रभाव अधिक पड़ता है। यह कहना उचित होगा कि तेल के ऊंचे मूल्यों का विरोध करने के लिए ऊपरी वर्ग द्वारा निचले वर्ग को ढाल के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

तेल के ऊंचे मूल्यों का लाभ पर्यावरण का है। खपत कम होने से तेल से उत्सर्जित कार्बन की मात्रा कम होगी, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि कम होगी और अपने देश समेत सम्पूर्ण विश्व में बाढ़ और सूखे जैसी आपदाएं कम होंगी। चौथा और संभवतः प्रमुख लाभ यह है कि कोविड संकट के दौरान सरकार का वित्तीय घाटा बहुत बढ़ गया है। इसलिए सरकार को जनता पर टैक्स लगा कर इस घाटे की पूर्ति तो करनी ही पड़ेगी। प्रश्न सिर्फ यह बचता है कि सरकार तेल पर टैक्स लगाकर अपने घाटे की भरपाई करेगी या फिर कपड़े और कागज पर लगाकर। असल में कपड़े और कागज जैसी आवश्यक एवं उपयोगी वस्तुओं के स्थान पर तेल पर अधिक टैक्स वसूल करना ही उचित होगा। विशेषकर इसलिए कि तेल पर टैक्स वसूल करने का बोझ आम आदमी पर कम और समृद्ध वर्ग पर ज्यादा पड़ेगा। तेल के ऊंचे मूल्य सही हों तो भी सरकार की आलोचना इस बिंदु पर की जानी चाहिए कि तेल के ऊंचे दामों से अर्जित रकम का उपयोग तेल की खपत को और कम करने के लिए किया जाए। सार्वजनिक यातायात जैसे बसों, मेट्रो आदि में सुधार किया जाए।

### कार्टून वर्ल्ड

महिलाओं पर तालिबानी अत्याचार...



साभार : कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

### लेटर टू एडीटर

#### आनलाइन शिक्षा

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव के अनुसार कोरोना की अवधि में शिक्षा को बचाना इस समय सबसे मूल्यवान है। इस अवधि के दौरान शिक्षा बहुत अधिक प्रभावित हुई है। ऑनलाइन शिक्षा ही शिक्षा प्रदान करने का विकल्प बन गई है। शिक्षकों और छात्रों के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो गया है। वर्तमान में देश ऐसी शिक्षा के लिए तैयार नहीं है।

**–नरेंद्र शर्मा, रांची**

#### पलायन रोकें

गरीबी बेरोजगारी की बढ़ोतरी से व्यापार, व्यवसाय और औद्योगिक क्षेत्रों में भय का माहौल है। इस बार फिर महानगरों से मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में मजदूरों को अपने कार्यस्थल पर रोकने की योजना बनाए जाने की महती जरूरत है, जिससे तालाबंदी में भी उत्पादन प्रभावित न हो। सरकार को जल्द ही पहल करनी होगी।

**–अमृतलाल, हजारीबाग**

## वनमाला : नायिका से संन्यासी तक का सफर

**अजय कुमार शर्मा**

**साल** 1954 में भारत सरकार ने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार देने शुरू किए थे। और इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रपति स्वर्ण कमल पुरस्कार मराठी फिल्म श्यामची आई को दिया गया था। मराठी पत्रकार/ लेखक साने गुरुजी की आत्मकथात्मक कहानी पर बनी इस फिल्म का निर्देशन पीके अत्रे ने किया था और निर्माण अभिनेत्री वनवाला ने। उन्होंने इस फिल्म में स्वयं मां का यादगार अभिनय भी किया था। चालीस और पचास के दशक की मशहूर अभिनेत्री वनमाला (मूल नाम सुशीला पंवार ) की यह अंतिम फिल्म थी। अपने समय की सबसे सुशिक्षित, सुंदर और शालीन इस अभिनेत्री ने इसके बाद अपने पिता के कहने पर फिल्मों से संन्यास लेकर अध्यात्म की शरण ली थी।

ग्वालियर के सिंधिया राजघराने के नजदीकी कर्नल रायबहादुर बापूराव आनंदराव पंवार के घर 23 मई, 2015 को उज्जैन में जन्मी वनमाला का बचपन ग्वालियर में राजकुमारों के बीच गुजरा। उन्हें राजघराने के अनुरूप ही पढ़ाने और लिखाने के साथ ही घुड़सवारी, तीरंदाजी, तैराकी, पोलो और शिकार आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। वे कथक और कथकली और मणिपुरी नृत्य में भी पारंगत थी ।आगरा विश्वविद्यालय से बीए करने के बाद बाद वह पढ़ाई के लिए बंबई गई। 1935 में अपनी मां की मृत्यु के बाद वे अपनी मौसी के पास पूना चली गईं जो वहां आचार्य अत्रे द्वारा स्थापित स्कूल की प्राचार्य थीं। वे इसी स्कूल में पढ़ाने लगीं। इस स्कूल में मराठी और हिंदी फिल्मों की नामी-गिरामी हस्तियों का आना जाना लगा रहता था । पर सबके समझाने पर आखिरकार 1936 में उन्होंने नवयुग चित्रपट द्वारा बनाई जा रही लपांडव (आंख-मिचौनी) फिल्म स्वीकार की।

इस फिल्म को देखते ही सोहराब मोदी ने तुरंत अपनी फिल्म सिकंदर की नायिका रुखसाना का रोल उन्हें दे दिया। इसके बाद तो सफल फिल्मों का सिलसिला चल पड़ा। चित्र मंदिर की वसंत सेना (शाहू मोडक ) वी. शांताराम की पर्वत पे अपना डेरा, इजरा मीर की बीते दिन ओर वाडिया ब्रदर्स की शरबती आंखें वनमाला के करिअर की अन्य उल्लेखनीय फिल्में हैं। उन्हें उस दौर के तमाम नामी नायकों के साथ काम करने का मौका मिला। पहाड़ी सान्याल (कादंबरी), सुरेंद्र (परिदें), और मोतीलाल ने फिल्म मुस्कराहट में उनके साथ काम किया। अपनी अंतिम फिल्म श्यामची आई जो कि नायिका प्रधान थी में उन्होंने एक ऐसी मां का रोल निभाया था, जिसका पति एक छोटा बेटा छोड़कर मर जाता है। पचास के दशक की इस आदर्शवादी फिल्म ने समाज को बहुत प्रेरित किया था और इसकी व्यापक चर्चा हुई थी। इस फिल्म के बाद वनमाला ने फिल्मों से ही नहीं बल्कि अपने जीवन में भी संन्यास ले लिया।

बंबई से लौटकर वनमाला पुनः ग्वालियर अपने पिता के घर आकर रहने लगीं । उनके परिवार ने उन्हें माफ कर दिया। अध्यात्म की शरण में जाकर उन्होंने समाज सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाया। वृन्दावन में श्री स्वामी हरिदास कला संस्थान की नींव रखी। ब्रज कला केंद्र मथुरा की अध्यक्ष रहीं।

अनेक ट्रस्टों की ट्रस्टी रहते हुए शैक्षणिक तथा समाज सुधार के अनेक कार्य किए। अपने संन्यासी जीवन में उनका नया नाम सुशीला बहन था। उम्र के आखिरी पड़ाव (92) तक समाज सेवा में धोखे खाने के बाद भी वे लगातार सक्रिय रहीं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज़

## कुसियारा में धूमधाम से हुई मंडा पूजा



**भदानीनगर।** कुसियारा गांव में मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने लोटन सेवा, फुलखुंदी, मच्छर गोथा, बनस पर झूला शिवभक्तों ने अपने आस्था का परिचय दिया। वहीं बंगाल के छऊनृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को खूब आकर्षित किया। मेला में भंडारा, घाघरा, किन्नी, जराद, आराशाह, गेगदा, लेम, कुरसे, बरघुटुवा क्षेत्र के ग्रामीण सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए। इधर मंडा पूजा और मेला का उद्घाटनआजसू के केंद्रिय महासचिव रोशन लाल चौधरी, विधायक अंबा प्रसाद, मुखिया हेमा देवी व विजय साहू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं बंगाल के छाऊ नृत्य कलाकारों ने देवी देवताओं से जुड़े नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को रातभर झूमाए रखा।

## बासल में सिलाई प्रशिक्षण का शुभारंभ



**बासल (रामगढ़)।** पतरातु विद्युत उत्पादन निगम के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कंपनी द्वारा विकास कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को पीवीयुएन के सामुदायिक विकास कार्य को आगे बढ़ाते हुए त्रिमासिक सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया। पीवीयुएन परियोजना प्रमुख रविन्द्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ किया। बताया गया की स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से आस-पास के गांव की 50 ग्रामीण महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से त्रिमासिक सिलाई प्रशिक्षण दिया जायेगा। महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण का कार्य श्रमिक शिप्पी समिति द्वारा दिया जायेगा। कहा गया की प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व्यावसामिक सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोडना है। मौके पर नीरज कुमार रय प्रमुख (मासं.) पीवीयुएन, स्वर्ण रेखा महिला समिति की सदस्य श्रमिक शिल्प समिति तथा प्रशिणर्थी उपस्थित थे।

## डीसी ने की वन पर्यावरण विभाग की समीक्षा



**रामगढ़।** मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट) के तहत मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी गई कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) 2023 तक जन जागरूकता एवं मोबिलाइजेशन अभियान का संचालन किया जाना है जिसके तहत 75 सामान्य पर्यावरण फ्रेंडली कार्यों को 7 थीम- सेव एनर्जी, सेव वाटर, से नो टू सिंगल प्लास्टिक, अडॉप्ट सस्टेनेबल फूड सिस्टम, रिड्यूस वेस्ट, अडॉप्ट हेल्दी लाइफस्टाइल एवं रिड्यूस वेस्ट निर्धारित है।उपायुक्त ने मिशन लाइफ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालने के उपरांत कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं मिशन लाइफ के सफल संचालन हेतु सभी विभागों को अपना योगदान देना जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि मिशन लाइफ एक ऐसा अभियान है जिससे सभी विभाग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबंधित है। इस दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को सर्वप्रथम अपने-अपने कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों को मिशन लाइफ के उद्देश्यों के प्रति विस्तार से जानकारी देने का निर्देश दिया जिसके उपरांत उन्होंने 5 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले में मिशन लाइफ को सफल बनाने हेतु कार्य करने के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## महिला की चेन व कंगन लेकर ठग फरार

**हजारीबाग।** शहर के महेश सोनी चौक के पास गायत्री मंदिर के समीप जादो बाबू चौक निवासी 60 वर्षीय ललिता देवी ठगी का शिकार हो गयी। महिला सबेरे घर से निकल कर गायत्री मंदिर जा रही थी की इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उनके पास पहुंचे और कहा की वे दोनों शहर के लोगो को चेन छिनतई और चोरी के प्रति जागरूक कर रहे है। महिला को उन्होंने अपनी बातो के झांसे में लेते हुए उनका सोने का चेन और हाथ का कंगन निकलवा कर एक कागज में रखवा लिया और उन्हें झांसा देते हुए कागज को बदलकर वहा से रफूचक्कर हो गए। जब महिला ने कागज खोल कर देखा तो उनका चेन और कंगन गायब मिला। महिला रोते धोते सदर थाने पहुंची और पुलिसकर्मियो को अपना आपबीती बताई। पुलिस महिला के कहने के अनुसार उन दो ठगो को ढूंढने में लगी हुयी है।

## तीन दिनों से बीमार डॉग हुआ स्वस्थ

**कटकमसांडी।** तीन दिनों से बीमार एवं बिल्कुल खाना पीना छोड़ चुका डा.अजीत कुमार दास के पालतु डॉग का सफल इलाज डॉ. मजहरूल हसन ने किया। डॉ. हसन ने बताया कि डॉग टांसिलाइटिस डिजीज से ग्रसित था, जिसके कारण तीन दिनों से वह खाना पीना छोड़ चुका था। डॉग को एंटीबायोटिक डेक्सोना देकर सलाइन चढ़ाया गया। इसके बाद डॉग चलने फिरने लगा। डॉग मालिक डा. अजीत कुमार दास ने डॉ. मजहरूल हसन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होने डॉग का इलाज कर पुत्र ज्ञानदीप के चेहरे पर खुशी का दीप जलाने का काम किया। कहा कि डॉग के बीमार होने से पुत्र ज्ञानदीप भी खाना पीना छोड़ दिया था। बता दें कि डॉ. मजहरूल हसन ने पूर्व मे भी धनबाद के एक बड़े अफसर के डॉग का सफल इलाज कर सूबे में नाम कमाया था।

### राज्यपाल ने चितरपुर के भुचूंगडीह में ग्रामीणों से किया संवाद, कहा

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर गढ़ सकती हैं अपने परिवार का भविष्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो वे अपने परिवार का बेहतर भविष्य बना सकती हैं। महिलाएं परिवार के साथ समाज को भी एक बेहतर दिशा दे सकती हैं। यह बातें मंगलवार को रामगढ़ जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत भुचूंगडीह पंचायत के दौरे पर पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कही। यहां उन्होंने ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन में सीधा संवाद किया।राज्यपाल ने महिलाओं के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं आत्मनिर्भर हो तो वे न केवल अपने बच्चों की शिक्षा, बल्कि अपने पूरे परिवार का अच्छा भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान वैसे ग्रामीण जिन्हें किसी कारणवश योजना का लाभ नहीं मिल पाया है उन्हें लाभ दिलाने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने समूह से जुड़ने के उपरांत उन्हें हुए लाभ के बारे में राजपाल को जानकारी दी। राज्यपाल ने महिलाओं से जागरूक होने एवं अपने क्षेत्र के और लोगों को भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की।

### आवास योजना के लाभुकों को दी गयी स्वीकृति

**कार्यक्रम** के दौरान राज्यपाल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत मंगोती देवी, फूलों झानो आशीर्वाद योजना अंतर्गत सविता देवी को 10 हजार का चेक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत महिमा कुमारी को स्वीकृति पत्र, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धनेश्वरी देवी, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत तरन्नुम आरा (मनरेगा के तहत 1,79,000 रुपये की स्वीकृति पत्र प्रदान किया। भुचुंगडीह पहुंचने पर उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने पौधा देकर राज्यपाल का स्वागत किया।

# झारखंड की जीवन रेखा है दामोदर नदी : राधाकृष्णन

**राज्यपाल ने रजरप्पा में दामोदर महोत्सव का किया उद्घाटन मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की**

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को रजरप्पा में आयोजित दामोदर महोत्सव में भाग लिया। साथ ही रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। दामोदर महोत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रजरप्पा दामोदर और भैरवी नदियों के संगम पर स्थित है, जो पहाड़ियों, झरनों और घने जंगलों से घिरा है।

मंदिर परिसर का निर्माण नक्काशी और वास्तुकला के साथ अत्यंत खूबसूरती से किया गया है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ता है। यह धार्मिक स्थल सांस्कृतिक और प्राकृतिक केंद्र भी है।

उन्होंने कहा कि दामोदर नदी झारखंड की जीवन रेखा है और एक पवित्र नदी के रूप में माना जाता है। झारखंड सहित जहां भी यह बहती है,उस पूरे क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्व रखती है। यह सिर्फ एक जल निकाय नहीं है, यह झारखंड के लिए जीवनदायिनी है, राज्य में जीवन के विभिन्न पहलुओं में इस नदी के महत्व को देखा जा सकता है। यह सिंचाई के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्त्रोत के रूप में कार्य करता है तथा अनगिनत किसानों को लाभ प्रदान करता है।

पर्यावरण के क्षेत्र में हमेशा सतर्क रहने वाली संस्था युगांतर भारती द्वारा आयोजित दामोदर महोत्सव में आप सभी के बीच सम्मिलित होकर मुझे प्रसन्नता हो रही है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल करने के लिए मैं झारखंड विधान सभा सदस्य सरयू राय को बधाई देता हूं। दामोदर नदी का उद्गम स्थल चुल्हापानी गांव है। स्थानीय लोगों का मानना है कि चूल्हापानी देवताओं का निवास स्थान है। कई बिजली संयंत्र इसके 'तेजी से बहने वाले पानी का उपयोग करते हैं और यह नदी आर्थिक विकास को गति देते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाद में यह देश की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक बन गई है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि दामोदर नदी को स्वच्छ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। इस नदी के स्वच्छता पर ध्यान देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। एक जिम्मेदार नागरिकों के रूप में सबको दामोदर नदी का संरक्षक बनना चाहिए। हमें इसके जल के संरक्षण, इसके पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने और अपने दैनिक जीवन में बेहतर प्रथाओं को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए।

## हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय में समाधान पेटी का शुभारंभ

**हजारीबाग ।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए समाधान पेटी का शुभारंभ किया गया । श्री यादव ने कहा कि इस संदेश को जन जन तक पहुंचाने का कार्य हम सबों की जिम्मेवारी है ।

आम जनता की समस्याओं के समाधान करने हेतू जिला कांग्रेस कमिटी कटिबद्ध एवं संकल्पित है । आम जनता आगे आये और अपनी समस्याओं के निदान हेतू अपना आवेदन संबंधित पदाधिकारियों को हस्तगत कराते हुए उसकी छायाप्रति के साथ अपना आवेदन जिला कांग्रेस कमिटी के जन समस्या समाधान पेटी में डालें। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र , आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सड़क, गली, नाली निर्माण एवं मरम्मति, स्कूल पुस्तकालय, आंगनबाड़ी केंद्र संबंधी समस्या, बिजली आपूर्ति, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, चालक लाईसेंस, राशन कार्ड /आपूर्ति गड़बड़ी, सर्वजन पेंशन, यातायात समस्या, म्यूटेशन, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण माफी संबंधी, आयुष्मान का छात्रवृत्ति भुगतान, शहरी गरीब आवास योजनाओं के समाधान हेतू समाधान पेटी कांग्रेस कार्यालय में लगाया जाना और उसके द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान किया जाना कांग्रेस के लिए मील का पत्थर साबित होगा ।

# जुबिली कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**इंटर कला में 408 अंक लाकर नेहा बनी टॉपर, संजू सेकेंड व सोनी थर्ड**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जैक इंटर आर्ट्स की परीक्षा में जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। कॉलेज की नेहा कुमारी 408 अंक लाकर कॉलेज की टॉपर बनी है। वहीं संजू कुमारी 400, सोनी कुमारी 373, बादल कुमार 367, शिखा कुमारी 366 अंक लाकर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल हुई है। बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कॉलेज के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि परीक्षा में 421 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें 403 विद्यार्थी सफल हुए। इसमें 115 प्रथम, 256 द्वितीय व 32 विद्यार्थी तृतीस श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य एनके तिवारी, प्रो.एके सिंह झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. श्याम सुंदर पांडेय, डॉ. विशेश्वर रविदास, प्रो. अर्जुन मिश्रा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

**कॉमर्स में सपना बनी कॉलेज टॉपर**



जुबिली कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंटर कॉमर्स की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराकर कोयलांचल का नाम रोशन किया है। कॉलेज की सपना कुमारी 412 अंक लाकर कॉलेज की टॉपर बनी है। वहीं आकृति 404, नेहा परवीन 402, नीतू कुमारी 356, विकास जयसवाल 343 अंक लाकर कॉलेज के टॉप फाइव की सूची में शामिल होने का गौरव पाया है।

# बीएसए ने स्पोर्टिंग यूनियन को 10 रन से हराया

**अर्जुन प्रसाद केशरी अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, प्रिंस कुमार बने मैन ऑफ द मैच**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड मैदान में अर्जुन प्रसाद केशरी मेमोरियल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। बीएसए बरही व स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया के बीच क्रिकेट मैच के दौरान टॉस जीतकर बीएसए बरही के कप्तान ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।14 ओवर में 10 विकेट खोकर 79 रनों का लक्ष्य दिया। वही जवाबी पारी खेलने उतरी स्पोर्टिंग यूनियन की टीम ने 15.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 69 रन पर ही सिमट गई। बीएसए बरही 10 रन से मैच जीत लिया। इस मैच में 13 रन बनाकर तीन विकेट लेने वाले प्रिंस कुमार मैन ऑफ द मैच बने। इसके अलावा सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में बेस्ट बल्लेबाज के रूप में सूरज कुमार, बेस्ट गेंदबाज प्रिंस कुमार यादव व बेस्ट फील्डर का पुरस्कार सत्यम कुमार को दिया गया। विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट प्लेयर को भी पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका रिंकी राणा व वर्षा कुमारी ने अपना योगदान दिया। स्कोरर के रूप में अनिशा कुमारी मौजूद रही। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी शामिल हुए।

मैच का उद्घाटन व्यवसायी सह मैच के प्रायोजक मनोज कुमार केशरी ने किया। मैच को सफल बनाने में सहयोग करने वालों में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, सचिव बलराम केशरी, संतोष कुमार, भोला कुमार, संतोष शर्मा, सूरज कुमार, ऋषि वर्मा, सुशांत वर्मा, नीरज यादव सहित अन्य खिलाड़ी शामिल थे।

एक नजर में

## जीएम इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन



**इचाक।** जीएम इंटर कॉलेज कला एवं वाणिज्य के छात्रों ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन किया। कला में कुल 753 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें 265 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास किए हैं। 300 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से तथा 150 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से पास किए हैं । महाविद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों में अमर कुमार 442 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनुप्रिया 428 अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त की है, तथा शिवकुमार गुप्ता 422 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में 25 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार तथा सचिव विनय कुमार ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए । विद्यार्थियों को बधाई देने वाले में महाविद्यालय के कई शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी भी सम्मिलित हुए । रंजन कुमार, दयानंद कुमार, विनय कुमार, रत्नेश कुमार, पंकज कुमार मेहता, दीपक कुमार, अजीत प्रसाद, उमेश ठाकुर, उर्मिला कुमारी, नीलिमा कुजुर, प्रीति कुमारी, पुष्पांजलि कुमारी, अजीत हादसा, रियाज अहमद, दीपेंद्र कुमार, संगम कुमारी, इत्यादि सम्मिलित थे।

## विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज के 827 छात्र हुए पास

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय में कला के 858 परिक्षार्थियों में 827 ने सफलता हासिल किया, जिसमें प्रथम श्रेणी में 312, द्वितीय श्रेणी में 495 व तृतीय श्रेणी में 20 सफल हुए। महाविद्यालय स्तर पर 428 अंक के साथ तापेश्वर प्रसाद पिता छोटन प्रसाद प्रथम, 423 अंक के साथ निक्की सिंह पिता बिजय सिंह द्वितीय व 402 अंक के साथ राजेश कुमार पिता बालेश्वर ठाकुर तृतीय स्थान प्राप्त किए वहीं वाणिज्य संकाय के 34 परिक्षार्थियों में 32 ने सफलता हासिल किया जिसमें प्रथम श्रेणी में 21 व द्वितीय श्रेणी में 11 सफल हुए। महाविद्यालय स्तर पर 435 अंक के साथ जिया रानी पिता प्रकाश नारायण प्रथम, 425 अंक के साथ हरीश कुमार मंडल पिता महेश कुमार मंडल द्वितीय व 368 अंक के साथ निरंजन मंडल पिता राजु प्रसाद तृतीय स्थान प्राप्त किए

## डंपिंग में कोयला चुनने गये युवक की मौत

**हजारीबाग।** त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सोनबरसा गांव ओबी डंपिंग के पास घर के जलावन के लिए मंगलवार को कोयला चुनने गए 29 वर्षीय युवक कृष्णा साव की मौत हो गई। लगभग 20 मीटर ऊपर कोयला चुन रहा युवक ओबी डंपिंग से लुढ़क कर नीचे गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वह चतरा जिला अंतर्गत टंडवा थाना के अमवा गांव का बताया जाता है।घटना की जानकारी मिलते ही डाड़ी कला थाना प्रभारी मणिलाल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजन सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर 13 माइल के पास सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया गया। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं त्रिवेणी सैनिक के अधिकारियों तथा प्रबुद्ध जनों के बीच आपसी तालमेल के साथ मामले का समाधान किया गया। मृतक के एक रिश्तेदार ने बताया कि कंपनी साढे तीन लाख रुपये एवं एक रोजगार देने का आश्वासन दिया है।

## ग्राम गाड़ी योजना जनता के लिए लाभदायक



**बरही।** प्रखंड भवन के सभागार में बीडीओ क्रिस्टीना ऋचा इंदवार की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों के बीच ग्राम गाड़ी योजना को लेकर बैठक की। बीडीओ ने सदस्यों को बताया कि ग्राम गाड़ी योजना आमजनों के लिए अत्यंत हितकारी है।जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार की इन योजना का उद्देश्य गांवों से प्रखंड, जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान, मजदूर छात्र-छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। छात्रों के लिए स्कूल-कालेज, किसानों के लिए बाजार और मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा।साथ ही लोगों को स्थानीय रोजगार उपलब्ध होगी।जिसमें राज्य का पलायन दर कम होगा।योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को भी सरकारी टैक्स में बड़ी राहत दी जाएगी। इन्हें निबंधन एवं परमिट के भारी आर्थिक बोझ से छुटकारा मिल जाएगा। इस योजना के तहत मात्र 1 रुपये में निबंधन एवं 1 रुपये में रोड परमिट जारी करेगी। मौके पर भाजपा नेता अम्बिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मनोज रजक, मो तैयब, विकास सिंह, जीतू ठाकुर, जितेंद्र गिरी समेत प्रखंड कर्मी मौजूद थे।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा**
**(स्थापना-शाखा)**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची के द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी है।

सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक1730(3)/रा0 दिनांक 19.05.2023 के आलोक में समाहरणालय लोहरदगा के लिए अनुशंसित सभी निम्नवर्गीय लिपिकों को सूचित किया जाता है कि आपके सभी प्रमाण पत्रों की जांच दिनांक 02.06.2023(शुक्रवार) को झारनेट सभागार, लोहरदगा में पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक की जाएगी।

अतः आप सभी आवेदन के समय संलग्न किये गये शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति, सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का एक स्व अभिप्रमाणित सेट एवं 2 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/-
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 298670Lohardaga(23-24)#D



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी**
नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-C, चाईबासा रोड खूँटी, पिन - 835210
Email Id – deoofficekhunti@gmail.com

**वाहन क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

श्री महेश पोद्दार, माननीय सांसद (राज्य सभा) के द्वारा अपने सांसद निधि से सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, बिनगांव कर्रा, खूँटी में एक School Bus New Tata Star Bus 59+A+DSKLLP810/52656 के लिए अनुशंसा किया गया है, निविदादाता से सभी शुल्क TCS+Insurance+ Registration एवं कर सहित क्रय किया जाना है। वाहन क्रय हेतु निम्न मानक स्तर के कम्पनियों, निर्माताओं, अधिकृत एजेंसियों से अल्पकालीन मुहरबन्द निविदाऐं (Technical एवं Financial bid अलग अलग) दिनांक 06.06.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी में आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.06.2023 को अपराह्न 03:00 बजे उपायुक्त महोदय खूँटी के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

1. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 50000/-(पचास हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो " **जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी** " के नाम से होगा, जिसे जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता का वाणिज्य कर निबंधन प्रमाण पत्र, वाणिज्य कर अनापत्ति प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, अन्य प्रासंगिक कागजात यथा पैन कार्ड/विगत तीन वर्षो का अंकेक्षण प्रतिवेदन संलग्न करने होंगे तथा पिछले वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 50 लाख का टर्न ओवर अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर वाहन आपूर्ति करना अनिवार्य होगा, उक्त के जाँचोपरान्त भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।
5. किसी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
6. वाहन क्रय से संबंधित जानकारी खूँटी जिले के वेबसाईट khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/-
जिला शिक्षा पदाधिकारी, खूँटी

PR 298661District(23-24)#D

स्पीड न्यूज

## मगध, आम्रपाली और पिपरवार में खप रहे हैं दो हजार के गुलाबी नोट

**रबिन्द्र दास : टंडवा (चतरा)।** रिजर्व बैंक द्वारा दो हजार के नोट पर लक्ष्मण रेखा खिचते ही कोयलांचल मे दो हजार के गुलाबी नोट खुब खपाये जा रहे है। पिछले 23 मई से मगध, आम्रपाली, पिपरवार और पूणार्डीह कोल परियोजनाओ मे कुछ कारोबारी ट्रक मालिको को दो हजार के नोट भुगतान कर रहे है। पिछले चार सालो तक ट्रक मालिको को एक भी गुलाबी नोट के दर्शन नही होते थे। पर जब से इस पर दिशा निर्देश जारी हुए तब से कोयलांचल मे गुलाबी नोट के बहार आ गये। एक ट्रक मालिक ने यह भी बताया कि कुछ लिफ्टर एक एक माह बाद ट्रको का भाडा भुगतान करते थे। जानकारो की माने तो बाजार मे आज भी गुलाबी नोट नही दिख रहे है। पर कोयलांचल और बैंको मे खपाने की होड मची हुई है।

## खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बैठक आज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** विद्या भारती के तत्वाधान में आगामी 17 से 19 जुन तक झुमरीतिलैया में क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को झुमरीतिलैया के गांधी स्कुल रोड स्थित कैलाश राय सरस्वती विघा मंदिर में प्रबंधन समिति एवं आचार्यो एक बैठक आहुत की गई है। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य शमेन्द्र कुमार साहु ने दी। उन्होंनें बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश स्तर के विद्यालयों के भैया बहनों के लिए कबडडी एवं खो खो प्रतियोगिता की तैयारी की समीक्षा की जायेगी। बैठक में अजय तिवारी, सुरेश मंडल, मदन राय, कुंणाल कुमार, ओमप्रकाश सिन्हा मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे।

## जहरीले सांप के काटने से बच्ची की मौत

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के भोंडो पंचायत अंतर्गत घुठीटांड में मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे जहरीले सांप के काटने से एक 10 बर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। वहीं बच्ची की पहचान महेंद्र साहू की 10 वर्षीय पुत्री गुंजन कुमारी के रूप में की गई है। बच्ची अपने घर के पास कुआं के पास नहाने जा रही थी, इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया। वहीं सांप के काटने की जानकारी मिलते ही बच्चे को परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराणा प्रताप चैक के समीप मंगलवार सुबह करीब नौ बजे ऑटो के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बगरीडीह, डोमचांच निवासी 40 वर्षीय मो खुर्शीद पिता मो. सलीम अंसारी अपने मोटरसाइकिल से तिलैया आ रहे थे। इसी क्रम में पीछे से आ रहे ऑटो टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा व्यक्ति को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## डीडीसी ने सैनिक स्कूल प्राचार्य के साथ की बैठक



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त त्रतुराज की अध्यक्षता में प्राचार्य सैनिक स्कूल तिलैया की उपस्थिति में तिलैया स्कूल परिसर में बनाये जा रहे संरचना, भवन एवं भूमि संबधित कठिनाई के निराकरण हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक में सैनिक स्कूल तिलैया के जमीन का सीमांकन, दाखील खरीज एवं लगान में हो रही कठिनाई के संबंध में चन्दवारा सीओ के द्वारा बताया गया कि दाखिल खरीज का कार्य लगभग हो गया है, रसीद कटाना शेष है। सितम्बर 2023 में महामहीम राज्यपाल महोदय के संभावित आगमन कार्यक्रम के पूर्व सैनिक स्कूल तिलैया में बनाये जा रहे संरचना भवन को पूर्ण कराने का निदेश उपस्थित अभियंता, संवेदक को दिया गया। सैनिक स्कूल परिसर में बनाये गये स्वास्थ्य उप केंद्र, कांटी को हैंड ओभर कर दिया गया है। प्राचार्य सैनिक स्कूल के द्वारा स्वास्थ्य उप केन्द्र में फर्नीचर एवं एक नर्स की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया।

### तीन दशक बाद पुन: भव्य और दिव्य वैष्णव महाकुंभ का होगा आयोजन, खुशी में झूमे भक्त : धीरेंद्र चौबे

# देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु लेंगे हिस्सा

**कार्यक्रम विवरण**

- पूज्य स्वामी जी का शुभागमन दिनांक 04-06-2023 को हरिद्वार से यज्ञ स्थल पर होगा। स्वामीजी के यज्ञस्थल पर पहुंचने पर हजारों श्रद्धालु भक्त उनका स्वागत करेंगे।
- दिनांक 05-06-2023 से यज्ञ स्थल पर प्रातः 7:00बजे से 8:00 बजे तक प्रातःकालीन मंगला आरती एवं सायं 5:00 बजे से 6:00 बजे स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा।
- स्वामी जी के चातुर्मास्यव्रत समापन अंतर्गत 25 यज्ञ मंडपों में अलग अलग 1051 कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा।



प्रेसवार्ता करते समिति के पदाधिकारी।

- दिनांक 27-10-2023 को अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं संध्या में अंतर्राष्ट्रीय भजन संध्या का आयोजन होगा।
- श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिए दिनांक 23-10-2023 को शोभा यात्रा निकाली जायेगी तथा दिनांक 28-10-2023 को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर धाम के पाल्हे जतपुरा में तीन दशक बाद एक बार फिर भव्य और दिव्य वैष्णव महाकुंभ के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उक्त बातें श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे ने कही। वह मंगलवार को यज्ञ स्थल पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी बड़भागी हैं कि भारत वर्ष के महान तपोनिष्ठ संत पूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत इस वर्ष झारखंड राज्य के विंध्य क्षेत्र के आंचल में बसे गढ़वा जिला अन्तर्गत श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा ग्राम में आयोजित होगा। श्री चौबे ने कहा कि श्री वंशीधर नगर श्री वंशीधर भगवान के 32 मन की स्वर्ण प्रतिमा के लिये देश विदेश में चर्चित है। इस वर्ष श्री भाष्यकार श्री रामानुजाचार्य स्वामी जी के सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव, पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के चातुर्मास्य व्रत एवं 25 तलीय 25 अलग अलग यज्ञ मंडपों में आयोजित होने वाले 1051 कुंडात्मक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के लिये भी जाना जायेगा। लगभग पांच महीने तक श्रद्धा भक्ति और आस्था रुपी त्रिवेणी के तट पर लगने वाले महाकुंभ में देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ झारखंड के लिये ऐतिहासिक ही नहीं होगा बल्कि एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। भारत वर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी के परिव्राजक जीवन का चातुर्मास्य व्रत प्रवास हर साल किसी एक स्थान पर ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा से लेकर आश्विन मास के पूर्णिमा तक होता है। इस वर्ष यह सौभाग्य विंध्य क्षेत्र की धरा पर अवस्थित पाल्हे जतपुरा ग्राम की पुण्य भूमि को प्राप्त हुआ है। श्री चौबे ने कहा कि स्वामी जी के चातुर्मास्य व्रत समापन अंतर्गत 25 यज्ञ मंडपों में अलग अलग 1051 कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिये दिनांक 23-10-2023 को शोभा यात्रा (जल यात्रा) निकाली जायेगी तथा दिनांक 28-10-2023 को महा यज्ञ की पूणार्हुति होगी। इस दौरान यज्ञ स्थल पर दिनांक 27-10-2023 को अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें देश विदेश से आये हुए अनेक संत महात्माओं के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

### 80 हजार वर्ग फुट में बन रहा है वाटरप्रूफ पंडाल

समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे ने कहा कि 80 हजार वर्गफीट में भव्य वाटरप्रूफ पंडाल का निर्माण किया गया है। लगभग एक माह से 50 श्रम योगी पंडाल, पर्णकुटी और तोरणद्वार निर्माण में रात दिन जुटे हुये हैं। चौबे ने कहा कि 80 हजार वर्गफीट में निर्मित पंडाल में 52 हजार 800 वर्गफीट में प्रवचन पंडाल में 40 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था है। पंडाल में ही 1500 वर्गफीट में पूज्य स्वामी जी महाराज की पर्णकुटी का निर्माण हुआ है। पंडाल में 3000 वर्गफीट में कथाव्यास के लिये मंच की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि पंडाल में निर्मित 150 कमरों में 1500 साधु संतों के रहने की व्यवस्था है। पंडाल में 20 शौचालय और 30 नल जल की व्यवस्था है। साथ ही पंडाल में साधु संतों और आगन्तुक श्रद्धालुओं के लिये भोजनालय और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है। प्रेसवार्ता में यज्ञ समिति के संरक्षक शंभूनाथ शुक्ला, सचिव अनीश शुक्ला, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, मथुरा राम, उप कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, प्रदीप शुक्ला, उपसचिव नवनीत शुक्ला, सुनील चौबे आदि मौजूद थे।

## नीतीश मंत्रिमंडल ने 1456 पदों पर बहाली समेत 23 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार शाम संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 1456 पदों पर बहाली सहित कुल 23 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई।

कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने कैबिनेट के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार ने मद्य निषेध के साथ-साथ जेलों में कुल 1456 पद को सृजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मद्य निषेध सिपाही संवर्ग के कर्मियों का आवासन, अनुशासन एवं नियमित प्रशिक्षण के लिए पांच ग्रुप सेंटर (पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया एवं सहरसा) की स्थापना एवं मद्य निषेध के सफल कार्यान्वयन के लिए विभिन्न कोटि के कुल 1,218 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार के जेलों को सुदृढ़ बनाने के लिए 238 अतिरिक्त लिपिक के पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है।

सिद्धार्थ ने बताया कि पूर्णिया हवाई अड्डा पर नए सिविल एन्क्लेव के निर्माण के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एवं राज्य सरकार के बीच एमओयू की स्वीकृति दी गई है। दरभंगा सैन्य हवाई अड्डे पर नए सिविल एन्क्लेव के लिए भारतीय विमान विमानपत्तन प्राधिकरण एवं राज्य सरकार के बीच समझौता ज्ञापन की स्वीकृति दी गई है। बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एनएम संवर्ग नियमावली 2018 को निरस्त करते हुए बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता संवर्ग नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि पांच चिकित्सकों डॉक्टर नसीम अहमद चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य केंद्र पंचगछिया सहरसा, रजौली के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार और अरवल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिता कुमारी को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में सेवा से बर्खास्त किया गया है। डॉ. सुमित कुमार डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल और सदर अस्पताल आरा के चिकित्सक मिथिलेश कुमार को लगातार अनुपस्थित रहने के आरोप में बर्खास्त किया गया है। वहीं, त्रिवेणीगंज के तत्कालीन अंचल अधिकारी ध्रुव कुमार को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि खान एवं भूतत्व विभाग के तत्कालीन उप निदेशक लक्ष्मी प्रसाद साहू की बर्खास्तगी को हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया ।बर्खास्तगी और सेवानिवृत्ति की तिथि का वेतन भत्ता एवं अन्य लाभ सशर्त दिए जाने की स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट सचिव ने बताया कि पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित कन्या आवासीय प्लस टू विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय या केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत प्रशिक्षित शिक्षकों को संविदा पर नियोजित करने की स्वीकृति दी गयी है। जब तक उक्त पदों पर नियमित नियुक्ति नहीं हो जाती है तब तक इन्हें नियुक्त किया जाएगा। संविदा पर बहाल होने वाले शिक्षकों की अन्य शर्तें हू-ब-हू वही होंगी जैसा सामान्य प्रशासन विभाग में विहित है।

## गढ़वा में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

**गढ़वा।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति व प्रकल्प-गढ़वा द्वारा ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत स्वच्छता कवरेज करने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रत्येक घरों में शौचालय की सुविधा, शुद्ध पेयजल, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के उपाय तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में डीडीसी ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कहा कि जून 2023 के अंत-अंत तक सभी घरों को स्वच्छता के प्रति एक स्टार बनाना सुनिश्चित करें।

## आपातकाल दिवस पर गंगाजल और गोबर से प्रायश्चित करें नीतीश : गिरिराज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेगूसराय।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि आपातकाल लगाने वालों की गोद में जाकर बैठे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 25 जून को गंगा जल, गोबर और गंगा जी के बालू से प्रायश्चित करनी चाहिए।

नीतीश कुमार के विपक्षी एकता बैठक पर चुटकी लेते हुए गिरिराज सिंह ने मंगलवार को बेगूसराय में कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे नीतीश कुमार 12 जून को पटना में एकता बैठक को जरूर संबोधित करें। लेकिन 25 जून भी नजदीक है, उस दिन जयप्रकाश नारायण को याद कर गंगाजल, बालू और गोबर का सेवन कर आपातकाल का प्रायश्चित भी जरूर करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस कदम को आगे बढ़ाया था उस पर चलते हुए जल संसाधन मंत्री संजय झा के प्रयास से आज नीतीश कुमार ने सिमरिया में जानकी पौड़ी की तर्ज पर विकास कार्य का शिलान्यास किया है। भारत सरकार ने नमामी गंगे योजना से सिमरिया के विकास की शुरूआत की है। बरौनी रिफाइनरी द्वारा दस हजार करोड़ सालाना टैक्स बिहार को दिया जा रहा है। उसका हिस्सा बेगूसराय के विकास पर खर्च होना चाहिए। गिरिराज सिंह ने दिल्ली में हुए साक्षी हत्याकांड को लेकर कहा है कि जिस तरीके से टुकड़े-टुकड़े गैंग के द्वारा साक्षी की हत्या की गई है। टुकड़े-टुकड़े गैंग एवं नीतीश कुमार को उससे सीख लेनी चाहिए। केरल स्टोरी बनी तो उसमें भी इन लोगों को काफी दिक्कतें हुई थी। आज केरल स्टोरी का सच साक्षी है, जिसकी हत्या कर दी गई है। टुकड़े-टुकड़े गैंग भ्रम नहीं फैलाए, यह देश के लिए दुर्भाग्य होगा। नए संसद भवन के उद्घाटन में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह के शामिल होने पर जदयू के नाराजगी पर गिरिराज सिंह ने कहा कि हरिवंश जी ना केवल राज्यसभा के उपसभापति हैं, बल्कि देश के जाने-माने पत्रकार भी हैं। उनकी गरिमा को नीतीश कुमार ठेस पहुंचा रहे हैं।

## डीएमएफटी की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में डीएमएफटी की बैठक हुई, जिसमें पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने डीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएमएफटी से जिन मदों में भुगतान किया जा रहा है, उसकी जांच सुनिश्चित करें, साथ ही जिन विभागों व अन्य संसाधनों से डीएमएफटी में राशि प्राप्त हो रही है, उस पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। बैठक में डीसी श्री रंजन ने सभी विभागों व लीज होल्डरों को डीएमएफटी से सम्बंधित मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी श्री रंजन के अलावे डीएमओ दारोगा राय, नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल, कार्यपालक अभियंता राजकुमार भारती आदि मौजूद थे।

## डीसी ने की आमजनों की समस्याओं की समीक्षा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो समेत अन्य पदाधिकारी समाहरणालय के सभा कक्ष में मौजूद थे तथा सभी बीडीओ एवं सीओ ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से मौजूद थे। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से मानदेय, जमीन विवाद, आवास, सड़क, ड्राइविंग लाईसेंस, पेयजल संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों व सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के साथ अभी तक जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त मामले के निष्पादन एवं लम्बित अवेदनों का क्रमवार समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने लंबित अवेदनों की जानकारी लेते हुए साफ शब्दों में सभी संबंधित को कहा कि जनता दरबार में प्राप्त मामले का निष्पादन नियमानुसार शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें तथा सभी प्राप्त मामलों को अपने अपने स्तर से तत्वरित रूप निष्पादित करें।

### झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कमिटी ने जिला का किया भ्रमण

# बच्चों को अधिकार दिलाना और उनका संरक्षण मेरा लक्ष्य : रुचि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की दो सदस्य रूचि कुजुर और आभा वीरेंद्र अकिंचन ने कोडरमा जिला का भ्रमण सह निरीक्षण कार्य किया। बाल संरक्षण आयोग दो दिवासीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम परिसदन भवन में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार सिंह,एलपीओ दिनेश कु पाल, सीडब्लूसी सदस्य शैलेश कुमार, अनिल सिंह, पंकज कुमार, डॉली प्रधान, महिला पर्यवेक्षिका पूनम कुमार, श्रवण कुमार कोर्डिनेटर चाइल्ड लाइन ने आयोग के सदस्य का स्वागत किया। प्राथमिक बैठक के बाद आयोग की टीम ने मॉडल अंगनबाड़ी केंद्र लोचनपुर का निरीक्षण किया, आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका विनोदनी अवध्या, सहायिका रीता देवी ने मॉडल केंद्र के बारे में जानकारी दिया, आयोग की टीम ने बच्चों के पढ़ाई की गुणवत्ता, उनके भोजन की व्यवस्था, साफ सफाई, बाथरूम की व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया तत्पश्चात कोडरमा रेलवे स्टेशन का निरिक्षण स्टेशन मास्टर रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सीडब्लूसी सदस्य व जिला टीम के साथ रेलवे स्टेशन से ह्यूमन ट्रैफिकिंग रोकने के लिए उठाये जा रहें कदम की जानकारी प्राप्त किया, रेलवे पुलिस के एएसआई ओम प्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर अंकुर कुमार, एएसआई शिबू सरदार ने निरिक्षण में साथ दिया, आयोग की टीम ने बाल मित्र थाना में जा कर नाबालिक बच्चों के ट्रेफाकिंग, बाल श्रम, बाल अपराध आदि में उठाये जा रहे कदम की जानकारी प्राप्त किया। आयोग की टीम अगले दिन बच्चों से सम्बंधित विषय पर डीएसई, डीईओ, खनन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक आदि के साथ उपायुक्त कार्यलय में प्रस्तावित है।

## किसानों के बीच चला जागरूकता अभियान

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नवलशाही थाना क्षेत्र के बनपोक में मंगलवार को गोबरधन योजना के तहत किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से क्लाईमेट रेसि लियांट स्मार्ट एग्रीकलचर इन गोबर धन योजना अंतर्गत फ्रॉम एवं एल्फोम का विधिवत वैज्ञानिक विधि से प्रयोग करने की जानकारी दी गई। अभियान के माध्यम से किसानों को मोटे अनाज की खेती मुख्य रूप से मडुवा, मक्का, ज्वार, बाजरा का खेती करने के लिए बताया गया एवं वैसे किसान के वाईसी जल्द से जल्द करवा लेने को कहा गया। कार्यक्रम में बीटीएम जावेद अली, प्रकाश साव, किसान राजेश कुमार गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, रमेश्वर साव, मनोज साव, कौशल्या देवी, गिरजा देवी, शंकर साव, सुनीता देवी, बेबी देवी व दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## गढ़वा के सुधांशु ने एसएससी जेई में लाया 215 रैंक



सुधांशु

**गढ़वा।** गढ़वा के वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश जायसवाल के सुपुत्र सुधांशु कुमार ने एसएससी जेई की फाइनल परीक्षा में 1611 (श्रेणी रैंक 215) रैंक लाया है। इस परीक्षा के बाद इनकी नियुक्ति सीमा सड़क संगठन, सीडब्ल्यूसी (केंद्रीय जल आयोग), सीपीडब्ल्यूडी (केंद्रीय लोक निर्माण विभाग) में होगी। बता दें कि स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (एसएससी) ने सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और डाटा सर्वेयर समेत अन्य स्ट्रीम के लिए आयोजित जूनियर इंजीनियर परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। सुधांशु कुमार प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं इन्होंने किट विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सिलचर से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एमटेक किया है। उन्होंने एसएससी की इस परीक्षा को दूसरे प्रयास में उतीर्ण कर गढ़वा का नाम रौशन किया है। इस परीक्षा के कुल अभ्यथियों की संख्या 641952 थी। प्री एक्जाम में कुल 15605 अभ्यर्थी उतीर्ण हुए थे। इनके लिए आयोजित मेंस एक्जाम में कुल 2798 अभ्यर्थी उतीर्ण हुए जिसमें सुधांशु भी शामिल थे।

## शादी की 29वीं वर्षगांठ पर सत्तू बैंक की शुरुआत



उद्घाटन करते कमांडेंट।

**गढ़वा।** अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने 29 मई को अपनी शादी की 29वीं वर्षगांठ पर नि:शुल्क सत्तू बैंक की शुरूआत किया। जिसका उद्घगटन मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 172 बटालियन कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह के फीता काटकर किया। कमांडेंट ने राहगीर और आमजनों को अपने हाथों से सत्तू का जूस पिलाया तथा गमछा भेंट किया। इससे पूर्व अनेक नि:शुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने कमांडेंट का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मौके पर कमांडेंट श्री सिंह ने कहा कि शौकत खान ने गढ़वा निवासी शहीद आशिष कुमार तिवारी के सम्मान में एक नहीं अनेक नि:शुल्क बैंक चलाकर गरीब जरुरतमंदों की सेवा सालों भर करते रहते हैं, जो बहुत ही सराहनीय है। मैं जितना सुना था शौकत खान के बारे में उससे भी बेहतर सेवा कार्य कर लोगों के लिए मिसाल हैं। शौकत खान ने कहा कि नि:शुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक, आम जरुरतमंद गरीब असहाय लोगों को प्रतिदिन सेवा देता है। शौकत खान ने कहा कि मैं कभी पार्टी फंक्शन में पैसों को खर्च नहीं करता, मैं उस पैसे को बचाकर गरीबों में खर्च करता हूं।

## सात लोगों पर हत्या सहित कई धाराओं में मामला दर्ज

**रमना।** थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी साहिदा बीबी हत्याकांड में मृतका के भाई गढ़वा के चिरौंजिया निवासी नौशाद अली ने साहिदा को हमेशा प्रताड़ित तथा हत्या करने का मामला रमना थाना में दर्ज कराया है। रमना पुलिस ने हत्या सहित कई धाराओं में सात लोगों पर मामला दर्ज कर अनुसंधान तेज कर दिया है। थाना मे दिए आवेदन में नौशाद ने कहा है कि साहिदा की शादी दस वर्ष पूर्व जैनूल अंसारी के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक सब अच्छा चल रहा था लेकिन इसके बाद स्वजनों के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। कई बार हमलोगों ने चिरौंजिया से जाकर टंडवा में पंचायती भी किया है। नौशाद ने बताया कि अंदेशा है कि साहिदा के स्वजनों ने ही हत्या किया है। नौशाद के आवेदन पर रमना थाना पुलिस ने अब्बदुल अजीज अंसारी, मोहम्मद अली अंसारी, इमत्याज अंसारी, मजिद अंसारी, नाजमा बीबी, ताहीर अंसारी तथा लैलून बीबी पर मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान तेज कर दिया है।

## सीसीएल के सीएमडी एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे टंडवा, कोयलांचल क्षेत्र का लिया जायजा



**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को कोल इंडिया के चेयरमैन बनने वाले सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद ने मगध-आम्रपाली कोलपरियोजना का एकदिवसीय दौरा किया। जहां परियोजना से जुड़ी समस्याओं पर अधिकारियों से जानकारी ले कर कई दिया दिशा निर्देश दिया। इस दौरे से मगध-आम्रपाली के अधिकारियों में हो रही हैं कई तरह की चचाएं। सीएमडी पीएम प्रसाद एक जुलाई को कोल इंडिया के चेयरमैन का संभालेंगे कमान। फिलहाल मगध संघमित्रा के जीएम के के सिन्हा को हजारीबाग तबादला कर मगध पिओ को जीएम का कमान सौपा गया। इस दौरान मगध संघमित्रा के नए जीएम नृपेंद्र नाथ को कोयला उत्पादन पर विशेष बल दिया, ततपश्चात आम्रापाली कोलपरियोजना में भी सीएमडी द्वारा भ्रमण के दौरान कोयला उत्पादन से लेकर शिविल वर्क एवं विस्थापितों के बारे में जीएम अमरेश कुमार सिंह से विस्तार पूर्वक जानकारी लिया एवं विस्थापित गांवों में विकास करने से सम्बंधित कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर सीसीएल के कई अधिकारीगण मौजूद थें।

## चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान को सफल बनायें : डीसी



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत स्वच्छता कवरेज के संबंध में जिला स्तरीय बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत किये जाने वाले कार्य और 05 से 12 जून तक चलने वाले ₹चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो₹ राज्य स्तरीय अभियान के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पंचायती राज विभाग के सयुंक्त प्रयास से दिनांक 05 से 12 जून तक माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अभियान ₹चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो₹ का आयोजन किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत मुख्यत : माहवारी स्वच्छता सम्बंधित चुनौतियों के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाना है। उपायुक्त अबु इमरान ने निर्देश दिया कि जिला में जितने भी घर परिवार उक्त योजना के अंतर्गत शौचालय निर्माण के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें शत प्रतिशत यह लाभ पहुंचाया जाए। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं अन्य संबंधित मौजूद थे।

## पुलिस वाहन की टक्कर से दो गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास रेलवे पुल के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार कुंडीधनवार निवासी 27 वर्षीय अनिल यादव पिता नानकु यादव व योगियाटील्हा निवासी 13 वर्षीय प्रियांशु कुमार पिता शिवकुमार यादव मोटरसाइकिल से डॉक्टर के पास तिलैया आ रहे थे। इसी क्रम में सामने से आ रहे ट्रैफिक पुलिस वाहन में जा टकराया। जिसमें उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## छात्रवृत्ति घोटाला मामले में तीन को जेल

**कोडरमा।** कल्याण विभाग में डेढ़ करोड़ के अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले मामले में कोडरमा पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जलवाबाद निवासी मुनाजिर हुसैन पिता इरशाद आलम, मो नौशाद आलम पिता इम्तियाज और मदीनानगर करमा झुमरीतिलैया निवासी मो. अली पिता स्व गुलाम नबी के नाम शामिल है। इसके पूर्व पुलिस ने कल्याण विभाग के सेवानिवृत्त क्लर्क मो मोबिन, कम्प्यूटर ऑपरेटर मो हैदर और लिपिक प्रमोद कुमार मुंडा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। बताते चले कि कल्याण विभाग के छात्रवृत्ति गबन का मामला प्रकाश में आने के बाद डीसी आदित्य रंजन ने पूरे मामले की जांच कराई गई, जांच में पता चला कि कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितता बरती गई है, विभागीय मिली भगत से वितीय वर्ष 2017-18 से लेकर 2019-20 में 10 फर्जी स्कूलों और करीब 1430 फर्जी छात्रों के नाम पर करीब डेढ़ करोड़ की राशि का गबन किया गया है, जिसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने नवंबर 2022 में कोडरमा थाना में कांड संख्या 275/2022 में मामला दर्ज कराया गया, जिसमे प्री मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले के आरोप में 10 स्कूलों के प्राचार्यों के अलावे कल्याण विभाग के तत्कालीन (अब सेवानिवृत्त) लिपिक मो मोबिन, क्लर्क प्रमोद कुमार मुंडा और कम्प्यूटर ऑपरेटर मो. हैदर को आरोपी बनाया गया था।

# देश में उर्जा सुरक्षा को लेकर बदलता परिदृश्य और बनती संभावना





अनल कुमार
(डायरेक्टर, अर्थशास्त्री करियर प्लस रांची)

**ऊर्जा** सुरक्षा की बात करें तो या तो पुरानी चिंताओं में नई जटिलताएं आई हैं या फिर ऊर्जा क्षेत्र में आ रहे बदलाव से जुड़ी नई चिंताएं उभर रही हैं। विस्तार से जानकारी प्रदान कर रहे है देश की अर्थव्यवस्था का आकार 5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचाने की बात की जा रही है। ऐसे में ऊर्जा सुरक्षा एक बहुत बड़ी चिंता है। देश में ऊर्जा सुरक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। देश में ऊर्जा सुरक्षा अहम संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता पर निर्भर करती है। इन संसाधनों की कीमत भी कम और अनुमान के अनुरूप होनी चाहिए ताकि आपूर्ति क्षेत्र में कोई बाधा न हो। ऐसा इसलिए ताकि पर्यावरण और भविष्य की पीढियों के लिए स्थायित्व सुनिश्चित किया जाए। इसके आयामों की बात करें तो या तो पुरानी चिंताओं से संबंधित नई जटिलताएं सामने आ रही हैं या फिर ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में नई चिंताएं उभर रही हैं।

आपूर्ति की सुरक्षा ऊर्जा के स्थानांतरण, भूराजनीति आदि से प्रभावित होती है। भारत अपनी आवश्यकता के तेल का 84 फीसदी आयात करता है। सन 2022 तक तेल आयात पर निर्भरता घटाकर 67 फीसदी करने के लक्ष्य के बावजूद इसमें इजाफा हो रहा है। साल दर साल आपूर्ति बदलने से विश्वसनीयता पर असर होता है। सन 2015 के ईरान परमाणु समझौते के पहले भारत के प्रमुख कच्चे तेल आपूर्तिकर्ता थे सऊदी अरब, इराक, नाइजीरिया और वेनेजुएला। वर्ष 2016 से ईरान तीन शीर्ष आपूर्तिकताओं में शामिल हो गया था लेकिन अब वह एक बार फिर नीचे फिसल गया है। यदि अमेरिका और इराक के बीच का तनाव बढ़ता है तो तेल आपूर्ति के एक और बड़े स्रोत के लिए जोखिम उत्पन्न हो जाएगा।



इस बीच 2017 में पहली बार अमेरिकी कच्चा तेल भारत पहुंचा। वह पहले ही छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन चुका है। हालांकि चालू वर्ष में इराक के 25 फीसदी की तुलना में उसकी हिस्सेदारी केवल 5.7 फीसदी रही। खबरों के मुताबिक भारत रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र से कच्चे तेल का आयात बढ़ाने के लिए लंबी अवधि के अनुबंध पर काम कर रहा है। इसके बावजूद पश्चिम एशिया मध्यम अवधि में अहम बना रहेगा। नवंबर तक इस क्षेत्र ने भारत के तेल आयात में 55 फीसदी हिस्सेदारी की। दुनिया का सबसे बड़ा तेल आयातक चीन इस क्षेत्र पर महज 43 फीसदी निर्भरता रखता है। विविधता अपनाने के तमाम प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र की घटनाएं सरदर्द साबित होती हैं।

तेल कीमतें और उनका अनुमानित होना भी एक चुनौती है क्योंकि अतीत में तेल आयात बिल में काफी अनिश्चितता देखने को मिली है।

इस अनिश्चितता के कारण जीवाश्म ईंधन सब्सिडी या कर राजस्व बजट का निर्धारण करना मुश्किल होता है। वित्त वर्ष 2015 में जीवाश्म ईंधन सब्सिडी बिल 16.8 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2018 में 9.4 अरब डॉलर था। ऐसे उतार-चढ़ाव औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करते हैं। खासतौर पर उस समय जबकि कच्चे माल की लागत में ऊर्जा की हिस्सेदारी अधिक हो। आयातित गैस कीमतें एक और पहलू शामिल करती हैं। गैस की अधिकता के कारण एशिया में हाजिर बाजार कीमतें 4 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) हो गई हैं। भारत पूर्व अनुबंध के मुताबिक कतर से 85 लाख मिलियन टन गैस 9-10 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू की दर पर लेने को बाध्य है।

ऐसे में सौदे की शर्तों पर नए सिरे से चर्चा की बात हो रही है। पेट्रोनेट अमेरिकी कंपनी में इक्विटी हिस्सेदारी ले सकती है, ऐसे में टेलूरियन को कम दरों पर 50 लाख टन गैस मिल सकती है। यह कीमत तय करेगी कि भारत की अर्थव्यवस्था किस हद तक गैस आधारित होगी।

ऊर्जा सुरक्षा के लिए सुरक्षित रास्ता तैयार करने में समुद्री सुरक्षा सहयोग की अहम भूमिका है। भविष्य में इसमें स्थिरता और सीमा पार बिजली ग्रिड की सुरक्षा भी शामिल हो सकती है, बशर्ते कि हम सीमा पार बिजली कारोबार शुरू करें। एक एशियाई सुपरग्रिड को लेकर भारी चर्चा चलती रही है। आपूर्ति बाधा कम करने के लिए भारत सामरिक तेल रिजर्व में निवेश करता रहा है।

# तीन माह में 57 बंदे भारत चलेगी !



2023 की 11वीं वंदे भारत लॉन्च, क्या 3 महीने में 57 और ट्रेनें उतरनी हैं पटरी पर उतरेगी? 15 फरवरी, 2019 के दिन, मोदी ने देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। रेल को देश का सबसे बड़ा बजट प्रावधान इसी वर्ष 2.60 लाख प्राप्त हुआ है यह रिकार्ड है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जाने वाली नॉर्थ ईस्ट की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही यह अब तक की 18वीं और 2023 की बंदे भारत की 11 वीं लॉन्चिंग हुई।

आजादी के 75 साल जब पूरे होंगे तो भारत में 75 ट्रेनें वंदे भारत होंगी

15 फरवरी, 2019 के दिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई थी। भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन को लॉन्च हुए 4 साल से ज्यादा हो गए।

वंदे भारत की लॉन्चिंग के समय भारत सरकार ने कहा था कि यह देश की पहली ट्रेन होगी जो पूरी तरह से देशी यानी मेक इन इंडिया के तहत होगी। पीएम मोदी ने 2 साल पहले यह ऐलान किया था कि आजादी के 75 साल जब पूरे होंगे तो भारत में 75 ट्रेनें वंदे भारत होंगी।

हालांकि, फरवरी 2019 में पीएम के ऐलान के कुछ ही दिनों बाद कोरोना महामारी का प्रकोप देखने को मिला और इसकी वजह से वंदे भारत का कार्य भी बाधित हो गया था। 2019 में महज दो वंदे भारत ही लॉन्च हो पाई थी। इसके बाद 2022 में काम में थोड़ी रफ्तार देखने को मिली और साल भर में पांच ट्रेनें लॉन्च हुई।

**आज तक कितनी वंदे भारत हो चुकी हैं लॉन्च?**

वंदे भारत की 18 ट्रेनों की लॉन्चिंग हो चुकी है। यह देश की पहली ट्रेन होगी जो पूरी तरह से देसी यानी मेक इन इंडिया के तहत होगी। पहली ट्रेन 2019 में यह ट्रेन वाराणस से नयी दिल्ली के बीच चली थी।

15 अगस्त, 2021 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान किया था कि जब भारत आजादी का अमृत महोत्सव मनायेगा तो भारत में 75 वंदे भारत ट्रेने चलने लगेंगी। 4 साल पूरे हो गए और अब तक, 18 वंदे भारत ट्रेनों की लॉन्चिंग की जा चुकी है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 15 अगस्त, 2023 को जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा होगा।

**क्या 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चल सकती है वंदे भारत?**

भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ज्यादा रफ्तार, कम समय और सुविधाओं से परिपूर्ण रहने के लिए काफी फेमस है। वंदे भारत के अबतक दो वर्जन लॉन्च किए जा चुके हैं। पहला वर्जन वंदे भारत 1.0 था जो थोड़ी कम एडवांस्ड थी और इसका वजन 430 टन का था। इसके बाद सरकार ने वंदे भारत का 2.0 वर्जन लॉन्च किया जो पहले के मुकाबले ज्यादा एडवांस और कम समय में हाई स्पीड पकड़ने वाली ट्रेन है। यह ट्रेन केवल 52 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड और 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड तक पहुंच सकती है। इस ट्रेन का वजन भी घटाकर 392 टन कर दिया गया।

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी रफ्तार अधिकतम 160 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है लेकिन अभी तक के आंकड़ों के अनुसार इन ट्रेनों की औसत रफ्तार 64 किमी प्रति घंटे बताई गई है।

**एक वंदे भारत बनाने में कितना आता है खर्च**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 16 कोच वाली सेमी हाई स्पीड वंदे भारत को बनाने में कुल लागत करीब 115 करोड़ रुपये आती है।

# कर्ज के जाल में फंसता अमेरिका

**70 लाख लोग हुए बेरोजगार हर सप्ताह इसमें दस लाख की वृद्धि**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और निचले हाउस के स्पीकर केविन मैकार्थी ने 1 जनवरी, 2025 तक डेट सीलिंग यानी ऋण लेने की सीमा को हटाने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि इस बिल के पास होने के बाद अमेरिकी सरकार तय लिमिट से अधिक ऋण ले सकती है। अमेरिका की संसद ने कानून बनाकर इस कर्ज को लेने की सीमा तय की हुई है, जिसे ऋण सीमा कहा जाता है। अमेरिकी संविधान के अनुसार कांग्रेस (संसद) को सरकारी खर्च को नियंत्रित करने का अधिकार दिया गया है। इसी के साथ 31.4 ट्रिलियन डॉलर की ऋण सीमा हटाने से अमेरिकी सरकार को अपने ऋण पर चूक से निपटने में मदद मिलने की उम्मीद है। बाइडेन और रिपब्लिकन पार्टी के बीच हफ्तों तक चली बातचीत के बाद यह समझौता हुआ है। जो बाइडेन ने कांग्रेस से सरकार की उधार सीमा बढ़ाने और अमेरिकी पर ऋण चुकाने पर डिफॉल्ट होने से रोकने के लिए एक सौदा पारित करने का आग्रह किया था।

**कर्ज संकट के बादल छंटने की उम्मीद जगी**

इस समझौते से अमेरिका पर छाए कर्ज संकट के बादल छंटने की उम्मीद जगी है। शनिवार देर रात देश की कर्ज लेने की सीमा बढ़ाने पर जो बाइडेन और निचले सदन के स्पीकर केविन मैकार्थी के बीच सैद्धांतिक सहमति बन गई।

इसके साथ ही दोनों संघीय खर्च को सीमित करने और अमेरिका को संभावित चूक से बचाने के लिए समझौते पर तैयार हो गए हैं। 5 जून की समय सीमा से पहले संसद की मंजूरी के लिए दोनों पक्षों का इस समझौते पर सहमत होना जरूरी है।

**यह समझौता क्यों है इतना जरूरी ?**

अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट ने कहा है कि यदि 31.4 ट्रिलियन डॉलर की ऋण सीमा को नहीं हटाया जाता है, तो देश के पास 1 जून को अपने बिलों का भुगतान करने के लिए धन की कमी हो सकती है। विभाग के अनुसार, यदि जल्द से जल्द कुछ नहीं किया जाता है, तो यह एक अभूतपूर्व डिफॉल्ट को ट्रिगर कर सकता है और इसके चलते बाजार बुरी तरह प्रभावित हो सकते है तथा देश मंदी की ओर भी जा सकता है।

**कर्ज के जाल में फंस रहा दुनिया की महाशक्ति अमेरिका**

इस समय अमेरिका पर कुल कर्ज बढ़कर 31.46 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। भारतीय करंसी के हिसाब से ये कर्ज 260 लाख करोड़ रुपये होता है। कोविड महामारी से पहले अमेरिका पर

# भारतीय कामकाजी महिलाओं ने बनया ओवरटाइम का रिकार्ड



श्रम ब्यूरो द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक फैक्टरियों में पंजीकृत महिलाओं ने 2019 में बहुत ज्यादा ओवरटाइम किया है और यह बढ़कर 11 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। कानूनी रूप से श्रमिक से एक सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे काम कराया जा सकता है। 2019 में 33.6 प्रतिशत महिलाओं ने वैधानिक रूप से अनिवार्य काम के घंटों से अधिक काम किया है जबकि 27.9 प्रतिशत पुरुष श्रमिकों ने तय काम के घंटों से ज्यादा काम किया है।

इसके पहले 2008 में 39.2 प्रतिशत महिला श्रमिकों ने काम के तय घंटों से अधिक काम किया था।

श्रम ब्यूरो द्वारा फैक्टरीज ऐक्ट, 1948 को लागू करने को लेकर जारी सालाना आंकड़ों से यह सामने आया है, जिसका संकलन राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम विभागों के आंकड़ों के आधार पर किया गया है। इस अधिनियम के तहत सभी पंजीकृत फैक्टरियों को सालाना वैधानिक रिटर्न दाखिल करना होता है, जिसमें श्रमिकों के काम के घंटे, छुट्टियों, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानकों, संबंधित राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम आयुक्त द्वारा जांच के ब्योरे होते हैं।

अधिनियम की धारा 51 में कहा गया है कि किसी भी वयस्क श्रमिक से फैक्टरी में एक सप्ताह में 48 घंटे से ज्यादा काम नहीं कराया जाएगा।

कर्नाटक और तमिलनाडु में हाल में हुए फैक्टरी अधिनियम में बदलाव को देखते हुए यह अहम है, जिसमें अब 12 घंटे की शिफ्ट को अनुमति दी गई है।

साथ ही महिलाओं को रात को काम करने को लेकर नियम आसान किए गए हैं, जिससे रात के समय काम करने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ सके। सरकार के मुताबिक निवेश आकर्षित करने के लिए ये बदलाव किए गए हैं। हालांकि सप्ताह में काम के 48 घंटे ही रखे गए हैं।

# टाटा टेक्नोलॉजीज एक हजार महिलाओं को देगा जाब

**ग्लोबल** इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि वह 2023-24 में 1,000 से अधिक महिला इंजीनियरों की नियुक्ति करेगी। कंपनी ने कहा कि उसने अपने वर्कफोर्स में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए यह फैसला किया। टाटा टेक्नोलॉजीज ने बयान में कहा कि कंपनी ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए लैंगिक विविधता आधारित भर्ती अभियान शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि रेनबो कार्यक्रम के जरिये उन्होंने ज्यादा महिलाओं को भर्ती करने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने के लिए एक व्यवस्था तैयार की है। कंपनी ने कहा कि वह महिला कर्मचारियों को उनकी नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा करियर में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करेगी।

# सावधान ! चेक बाउंस होने पर जाना पड़ सकता है जेल

खाते में पर्याप्त धनराशि रखें, चेक विवरण सही और स्पष्ट रूप से भरें और सुनिश्चित करें कि आपका हस्ताक्षर बेमेल न हो।

इससे संबंधित तीन मामलों में अदालत के निर्णयों का एक-एक कर आना है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने एक व्यवसायी को तीन महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और चेक पर अंकित राशि का दोगुना भुगतान करने का निर्देश दिया। गुजरात की एक महानगरीय अदालत ने एक व्यक्ति को एक साल की जेल की सजा सुनाई है। सिक्किम उच्च न्यायालय ने हाल ही में फैसला सुनाया कि निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत अपराधों को किसी भी स्तर पर सुलझाया जा सकता है।

**चेक बाउंस क्या होता है?**

चेक का अनादरण तब होता है जब एक अदाकर्ता (जिसके नाम पर चेक काटा गया है) कुछ वजहों से चेक का उपयोग करके पैसे निकालने में असमर्थ होता है। यह निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (एनआई एक्ट), 1881 द्वारा कवर किया गया है, जिसका उद्देश्य बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि के बिना चेक जारी करने से रोकना है, और पीड़ित पक्ष को कानूनी उपाय प्रदान करता है।

**अपर्याप्त राशि**

एनआई एक्ट की धारा 138 में चेक बाउंस होने की दो वजह बतायी गई हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वकील तुषार अग्रवाल कहते हैं, ह्यपहला, खाते में अपर्याप्त धनराशि। दूसरा, अगर चेक की राशि खाताधारक द्वारा बैंक के साथ की गई व्यवस्था से अधिक है। दूसरी वजह का तात्पर्य यहां चेक की राशि का खाते की निकासी सीमा से अधिक होने को लेकर है।

**समय के साथ कई अन्य वजह सामने आए हैं**

बेमेल हस्ताक्षर या नंबरः चेक पर भुगतानकर्ता के हस्ताक्षर और बैंक के पास उपलब्ध नमूना हस्ताक्षर के बीच विसंगति होने पर चेक को अस्वीकार किया जा सकता है। एमवीएसी एडवोकेट्स एंड कंसल्टेंट्स के मैनेजिंग पार्टनर प्रत्यूष मिगलानी कहते हैं, जालसाजी जैसी धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसा किया जाता है।

यदि एमईआर (मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकॉग्निशन) कोड लाइन में दर्ज किया गया चेक नंबर पूर्व-मुद्रित चेक नंबर के अनुरूप नहीं है, तो नंबर बेमेल हो सकता है।

समाप्त या क्षतिग्रस्त चेकः एक चेक आमतौर पर जारी होने की तारीख से तीन महीने के लिए वैध होता है। यदि इस अवधि के बाद प्रस्तुत किया जाता है, तो इसे स्वीकार नहीं किया जाता है।

बैंक क्षतिग्रस्त या कटे-फटे चेक को भी अमान्य घोषित कर सकता है। मिगलानी कहते हैं, चेक से सफलतापूर्वक भुगतान के लिए कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना में रखना चाहिए। मसलन चेक पर दिनांक, भुगतानकर्ता का नाम, राशि और हस्ताक्षर इस तरह से लिखें कि उसे आसानी से पढा जा सके।

**भुगतान रोकने के निदेर्शः** अगर जारीकर्ता ने चेक जारी करने के बाद बैंक को विवाद, धोखाधड़ी के संदेह, चेक के खो जाने या परिस्थितियों में बदलाव को लेकर भुगतान रोकने का निर्देश दिया है।

**कानूनी अंजाम**

चेक बाउंस एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत एक दंडनीय अपराध है। एसकेवी लॉ ऑफिस के वकील सुहैल बट्टन कहते हैं, ह्यदो साल तक की सजा हो सकती है या अस्वीकृत चेक पर अंकित राशि से दोगुनी राशि तक का जुमार्ना लगाया सकता है अथवा दोनों।

# गांव में स्मार्ट फोन की बिक्री तेजी से घटी कंपनियों की चिंता बढ़ी

**देश** के ग्रामीण इलाकों में स्मार्टफोन की बिक्री में गिरावट आई है। इसके कारण स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनियों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल देश के छोटे शहरों और गांवों में स्मार्टफोन की बिक्री साल 2021 के मध्य से 35-40 फीसदी पर स्थिर है।

रिसर्च कंपनी आईडीसी की रिपोर्ट के अनुसार,ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्टफोन की बिक्री में गिरावट आई है। जबकि मोबाइल के उपकरणों और 5जी टेक्नोलॉजी के बीच दाम लगातार बढ़े हैं।

रिसर्च फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि साल 2022 में देश में बिकने वाले 12.2 करोड़ स्मार्टफोन में से 35-40 फीसदी ग्रामीण भारत से खरीदे गए थे। इसी कारण स्मार्टफोन कंपनियों की चिंता अब बढ़ गई है।

**इस कारण ग्रामीण इलाकों में घट रही है स्मार्टफोन की बिक्री**

रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा स्थिति में अगर 10 स्मार्टफोन बिक रहे हैं तो गांवों से इसकी हिस्सेदारी केवल 3 फीसदी की है। मतलब कुल 10 स्मार्टफोन की बिक्री में केवल 3 ही गांवों में बिक रहे हैं। जबकि पहले यह 5 से 7 स्मार्टफोन ग्रामीण इलाकों में बिक रहे थे।

5जी नेटवर्क का ग्रामीण इलाकों में न होना स्मार्टफोन की बिक्री में कमी का बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं मोबाइल उपकरणों की कीमतों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है जिस कारण भी गांव के लोगों का स्मार्टफोन से मोहभंग होता दिख रहा है।

**महंगाई ने भी डाला असर**

इसके अलावा बढ़ती महंगाई ने स्मार्टफोन की बिक्री पर अपना असर डाला है।

महंगाई बढ़ने के कारण गांव में लोग जरुरत के चीजों पर ही अधिक खर्च रहे हैं। वहीं,पिछले दो-तीन साल में स्मार्टफोन की कीमतें भी तुलनात्मक रूप से बढ़ी है।

# मार्च तिमाही में घटी बेरोजगारी दर

**महिलाओं और पुरुषों के बेरोजगारी दर में आई कमी**

शहरी क्षेत्रों में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में घटकर 6.8 प्रतिशत रही।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन कार्यालय (ठररड) के आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.2 प्रतिशत थी। बेरोजगारी दर पिछले साल जनवरी-मार्च तिमाही में सबसे ज्यादा थी। इसका मुख्य कारण देश में कोविड संबंधित बाधाएं थी। सर्वेक्षण के अनुसार, बेरोजगारी दर पिछले साल



जुलाई-सितंबर और अक्टूबर-दिसंबर में 7.2 प्रतिशत थी। वहीं अप्रैल-जून, 2022 में यह 7.6 प्रतिशत थी।

निश्चित अवधि पर होने वाले 18वें श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 15 साल और उससे अधिक उम्र के लोगों में बेरोजगारी दर अप्रैल- जून, 2022 में 7.6 प्रतिशत थी।

आंकड़ों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में महिलाओं (15 साल और उससे अधिक) में बेरोजगारी दर जनवरी-मार्च, 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत पर आ गयी जो एक साल पहले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत थी।

वहीं पुरुषों में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर इस साल पहली तिमाही में कम होकर छह प्रतिशत रही जो एक साल पहले 2022 की जनवरी-मार्च तिमाही में 7.7






# प्रशंसकों के प्यार की वजह से अगले साल फिर खेलूंगा : धोनी

## लगे 12 शतक, 1124 छक्के... आइपीएल 2023 में बने कई रिकॉर्ड, आइये डालें एक नजर

आखिरकार रिजर्व डे के दिन चेन्नई सुपर किंग्स के रूप में दर्शकों को आइपीएल 2023 का चैंपियन देखने को मिला। इस खिताबी मैच में चेन्नई ने आखिरी गेंद पर 4 रन बटोरते हुए गुजरात टाइटंस को मात दी। यह सीजन अब तक के आइपीएल इतिहास का सबसे ज्यादा रोमांचक रहा। बल्लेबाजों द्वारा खूब रन बनते दिखे तो वहीं देशी गेंदबाजों का भी कहर देखने को मिला। आइए इस सीजन में बने बड़े रिकॉर्ड्स पर एक नजर

### इस बार सबसे ज्यादा शतक लगे

- आइपीएल 2023 में- 12 शतक
- आइपीएल 2022 में- 8 शतक
- आइपीएल 2016 में- 7 शतक

### चेन्नई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के

- 35 - शेन वॉटसन, 2018
- 35 - शिवम दुबे, 2023
- 34 - ड्वेन स्मिथ, 2014
- 34 - अंबाती रायडू, 2018

### आइपीएल फाइनल में सबसे ज्यादा खिताबी जीत वाले खिलाड़ी

- 6 - रोहित शर्मा
- 6 - अंबाती रायडू
- 5 - हार्दिक पांड्या
- 5 - कीरोन पोलार्ड
- 5 - एमएस धोनी

### चेन्नई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन

- 733 - माइकल हसी, 2013
- 672 - डेवोन कॉनवे, 2023
- 635 - ऋतुराज गायकवाड़, 2021
- 633 - फाफ डु प्लेसिस, 2021

### सबसे ज्यादा बार चेज हुआ 200 या उससे बड़ा आंकड़ा

- आइपीएल 2023 में- 8 बार
- आइपीएल 2014 में- 3 बार

### टॉप पांच चौकें लगाने वाले बल्लेबाज

1. शुभमन गिल (85 चौके)
2. यशस्वी जायस्वाल (82 चौके)
3. डेवोन कॉनवे (77 चौके)
4. डेविड वॉर्नर (69 चौके)
5. विराट कोहली (65 चौके)

### टॉप पांच छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

1. फाफ डुप्लेसी (36 छक्के)
2. शिवम दुबे ( 35 छक्के)
3. ग्लेन मैक्सवेल (31 छक्के)
4. रुतुराज गायकवाड़ (29 छक्के)
5. रिंकू सिंह (29 छक्के)

### सबसे ज्यादा बार बना 200 या उससे बड़ा लक्ष्य

- आईपीएल 2023 में- 37 बार 200 या उससे बड़ा लक्ष्य
- आईपीएल 2022 में- 18 बार 200 या उससे बड़ा लक्ष्य
- आईपीएल 2018 में- 15 बार 200 या उससे बड़ा लक्ष्य

### सबसे ज्यादा छक्के लगे

आइपीएल 2023 में 1100 से ज्यादा छक्के लगे। सीजन के पूरे मैचों में कुल 1124 छक्के देखने को मिले। ऐसा किसी सीजन में पहली बार हुआ कि जब 1100 छक्कों का आंकड़ा देखने को मिला। इससे पिछले सीजन में 1062 छक्के लगे थे।

### आइपीएल फाइनल में चेज किये गये सबसे ज्यादा टारगेट

- 200 - केकेआर बनाम पीबीकेएस, बेंगलुरु, 2014
- 191 - केकेआर बनाम सीएसके, चेन्नई, 2012
- 179 - सीएसके बनाम एसआरएच, मुंबई, 2018
- 171 - सीएसके बनाम जीटी, अहमदाबाद, 2023 (15 ओवर में संशोधित लक्ष्य)

### एक सीजन में सबसे ज्यादा साझेदारी द्वारा रन

- 939 - विराट कोहली, एबी डिविलियर्स (आरसीबी, 2016)
- 939 - विराट कोहली, फाफ डु प्लेसिस (आरसीबी, 2023)
- 849 - रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे (चेन्नई, 2023)
- 791 - डेविड वार्नर, जॉनी बेयरस्टो (हैदराबाद, 2019)
- 756 - फाफ डु प्लेसिस, रुतुराज गायकवाड़ (सीएसके, 2021)






एजेंसी

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां खिताब दिलाने के बाद आइपीएल से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिये वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। इस सत्र की शुरूआत से ही अटकलें लगाई जा रही थी कि यह धोनी का आखिरी सत्र होगा। हर मैदान पर दर्शकों ने उन पर जिस तरह से प्यार लुटाया , उससे इसकी संभावना और प्रबल होती नजर आ रही थी। गुजरात टाइटंस पर फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद धोनी से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी सत्र है, धोनी ने कहा, अगर परिस्थितियों को देखे तो मेरे लिये संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिये यह कहना बहुत आसान है कि अब मैं विदा ले रहा हूं लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है। उन्होंने कहा, शरीर को साथ देना होगा। चेन्नई के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिये मेरा तोहफा होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाये हैं, मुझे भी उनके लिये कुछ करना चाहिये। धोनी ने कहा, यह मेरे कैरियर का आखिरी दौर है। यहीं से शुरूआत हुई थी और पूरा स्टेडियम मेरा नाम ले रहा था। ऐसा चेन्नई में भी हुआ था लेकिन मैं वापसी करके जितना खेल सकता हूं, खेलूंगा ।

## धोनी का जन्म ट्रॉफी जीतने के लिए हुआ है, उनके जैसा कप्तान नहीं : सहवाग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने अपने दशक भर के शानदार करियर के लिए दिग्गज चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी की प्रशंसा की। राष्ट्रीय टीम के कप्तान और आइपीएल में सीएसके के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, धोनी ने कई मौकों पर गौरव हासिल किया है। अपने पेशेवर करियर के दौरान लगभग हर खिताब जीता है। सहवाग ने कहा, एमएस धोनी का जन्म ट्रॉफी जीतने के लिए हुआ था। भारत में कोई और कप्तान नहीं हुआ है जिसने इतनी ट्रॉफी जीती हो। टी20 ओवर का वर्ल्ड कप 50 ओवर का वर्ल्ड कप, टेस्ट चैंपियनशिप, आइपीएल। वह यहां ट्रॉफी जीतने के लिए है।

### वह कप्तानी करने के लिए पैदा हुये थे

पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी ने भी धोनी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की ठोस समझ है कि आकर्षक टी20 इवेंट में अपनी टीम की प्रगति में कैसे मदद की जाए। तिवारी ने कहा, उन्होंने एक बड़ा प्रभाव डाला है। आइपीएल में जिस तरह से वह कप्तानी के अलावा मेंटर भी रहे हैं। उनका जन्म कप्तानी करने के लिए हुआ था। आप उनसे किसी भी विषय पर बात करें, वह जवाब देंगे। उन्हें खेल की भी गहरी समझ है। अगर गेंदबाजी कमजोर है तो उसे पता है कि उसे कैसे सुधारना है। हम टीमों की तुलना करते हैं। उन्होंने कहा, सीएसके के पास अनुभवहीन गेंदबाजी लाइन-अप है। शुरूआती मैचों में अनुभवहीनता नजर आ रही थी लेकिन उसी आक्रमण के साथ देखिए कि धोनी ने क्या किया है। वह हमेशा चीजों को सरल रखना चाहता है। वह स्थिति को अच्छी तरह से पढ़ता है। भगवान दूसरों की तुलना में उसके लिए थोड़ा अधिक उदार रहा है। उन्होंने पिछले जन्म में जरूर कुछ अच्छा किया होगा जिसका फल उन्हें अब मिल रहा है।

### यह जीत धोनी की किस्मत में लिखी थी : पांड्या



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या ने आइपीएल फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स के हाथों हारने के बाद मंगलवार को कहा कि वह अपने गुरु और प्रतिद्वंदी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिये बेहद खुश हैं और यह जीत उनकी किस्मत में लिखी थी। पांड्या ने कहा, मैं उनके (धोनी) लिये बहुत खुश हूं। नियति ने उनके लिये यही लिखा था।

## श्रीनिवासन ने धोनी से कहा, सिर्फ आप ही चमत्कार कर सकते हो

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के पूर्व अध्यक्ष और चेन्नई सुपरकिंग्स की मालिक इंडिया सीमेंट्स के उपाध्यक्ष एन श्रीनिवासन ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल में अंतिम गेंद पर अपनी टीम की रोमांचक जीत को चमत्कार' करार दिया और कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में ही ऐसा कुछ हो सकता है। श्रीनिवासन ने मंगलवार सुबह सुपरकिंग्स के कप्तान धोनी से बात की और इस शानदार जीत के लिए उन्हें और उनकी टीम को बधाई दी। धोनी को श्रीनिवासन के संदेश को विशेष तौर पर पीटीआइ के साथ साझा किया गया। श्रीनिवासन ने धोनी से कहा, शानदार कप्तान। आपने करिश्मा कर दिया। आप ही ऐसा कर सकते हैं। हमें खिलाड़ियों और टीम पर गर्व है। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में लगातार मुकाबलों के बाद धोनी को आराम करने की सलाह दी और जीत का जश्न मनाने के लिए उन्हें टीम के साथ चेन्नई आने के लिए आमंत्रित किया। श्रीनिवासन ने कहा, यह सत्र ऐसा रहा है जहां प्रशंसकों ने दिखाया है कि वे महेंद्र सिंह धोनी से कितना प्यार करते हैं। हम भी करते हैं। सोमवार रात अहमदाबाद में हुए फाइनल में सुपरकिंग्स ने गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हराकर पांचवीं बार आइपीएल खिताब जीता।

## सीसीएल में ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**(खबर मन्त्र संवाददाता) रांची।** सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्गनिर्देशन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। सीसीएल गांधीनगर क्रीडांगन, रांची में 11 जून तक आयोजित इस शिविर में 100 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सीसीएल द्वारा बच्चों में खेल भावना को बढ़ावा एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। मुख्यालय के अतिरिक्त सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में भी ऐसी ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

## गुकेश ने मैगनस कार्लसन को हराया

**स्टावेंगर, नॉर्वे।** नॉर्वे क्लासिकल शतरंज शुरू होने के ठीक पहले वरीयता को निर्धारण करने के लिए हर साल की तरह परंपरा के तौर पर इस बार भी ब्लिट्ज टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। पहली बार नॉर्वे शतरज खेल रहे भारत के डी गुकेश नें भी इसमें भाग लिया और अपने 17वे जन्मदिन पर वैसे तो वह खास कमाल नहीं कर सके पर उन्हे एक खास तोहफा मिला जब गुकेश नें पहली बार ऑन द बोर्ड मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन को पराजित करते हुए अपने खेल जीवन में एक और उपलब्धि जरूर हासिल कर ली। टूनार्मेंट के दूसरे राउंड में गुकेश काले मोहरो से कार्लसन का सामना कर रहे थे और 97 चाल तक चले मैराथन मुकाबले में प्यादो और घोड़े के एंडगेम में उन्होने कार्लसन को पराजित किया। इस हार के बाद कार्लसन नें भी मुस्कराते हुए गुकेश को बधाई दी। पहले राउंड में गुकेश का सामना काले मोहोरो से अब फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से होगा।

## जीत के साथ रोलां गैरो में लौटे ज्वेरेव

**पेरिस।** जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रोलां–गैरो में विजयी वापसी करते हुए मंगलवार को फ्रेंच ओपन 2023 के पहले चरण में दक्षिण अफ्रीका के लॉयड हैरिस को मात दी। राफेल नडाल के विरुद्ध फ्रेंच ओपन 2022 के सेमीफाइनल में ज्वेरेव की एड़ी में मोच आने के कारण उनका अभियान दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से समाप्त हुआ था। इसके बाद वह 2022 में नहीं खेल सके और पिछले साल तीसरी सीड रहे खिलाड़ी को इस बार 22वीं वरीयता दी गयी।

## सात्विक-चिराग ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल की



**कुआला लंपुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को विश्व रैंकिंग में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल कर लिया। विश्व बैडमिंटन संघ की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, सात्विक–चिराग 74,651 अंकों के साथ चौथे पायदान पर पहुंच गये हैं, जो उनके पिछले सर्वश्रेष्ठ (पांचवां स्थान) से एक पायदान ऊपर है।

## सेमीफाइनल में भारत के सामने कोरिया की चुनौती

**सलालाह (ओमान)।** अपने अविजित अभियान के साथ पूल–ए तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बुधवार को यहां जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में कोरिया का सामना करेगी। गत एशियाई चैंपियन भारत सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही एफआईएच जूनियर हॉकी पुरुष विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर चुका है। अब उसका लक्ष्य होगा कि वह कोरिया की चुनौती को पार करते हुए लगातार दूसरे एशियाई खिताब की ओर कदम बढ़ाए।

## हार्दिक डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत के लिए अहम योगदान दे सकते थे: पोंटिंग

एजेंसी



**दुबई।** पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत को लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए हार्दिक पंड्या को अपनी टीम में शामिल करना चाहिए था क्योंकि यह ऑलराउंडर इस मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभा सकता था। पंड्या ने 2018 के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है और उन्होंने फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण पांच दिवसीय प्रारूप में नहीं खेलने का फैसला किया है। पोंटिंग को हालांकि लगता है कि पंड्या सात से 11 जून तक द ओवल में होने वाले खिताबी मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते थे। मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि उन्होंने हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के लिए लगभग प्रत्येक मैच में गेंदबाजी की। पंड्या टाइटंस के कप्तान हैं। पोंटिंग ने आइसीसी रिव्यू के लिए लिखा, ...मैंने सोचा कि भारत के लिए इस एकमात्र टेस्ट मैच में हार्दिक पंड्या जैसा कोई खिलाड़ी कितना अहम हो सकता था। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वह आधिकारिक तौर पर कह चुका है कि टेस्ट मैच में खेलना शायद उसके शरीर के लिए थोड़ा कड़ा है। लेकिन सिर्फ एक मैच के लिए.... वह आइपीएल के प्रत्येक मैच में गेंदबाजी कर रहा था और वह तेज गेंदबाजी कर रहा था। आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा कि पंड्या सात से 11 जून तक होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारतीय टीम के लिए मैच का रुख बदलने वाले खिलाड़ी (एक्स फेक्टर) हो सकते थे। उन्होंने कहा, वह (पंड्या) एक्स-फेक्टर हो सकता था। उसे एकमात्र मैच के लिए चुना जाता, फिर देखते कि वह बल्ले और गेंद से क्या कर सकता है। वह दोनों टीम के बीच का अंतर हो सकता था। पंड्या ने 2017 में पदार्पण के बाद अब तक 11 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 31.29 की औसत से एक शतक और चार अर्द्धशतक की मदद से 532 रन बनाए हैं। उन्होंने 31.05 की औसत से 17 विकेट भी लिए हैं। पंड्या ने अब तक 74 एकदिवसीय मैचों में 33.00 की औसत से 1584 रन बनाए हैं और 72 विकेट लिए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 87 मैचों में 1271 रन बनाने के अलावा 69 विकेट चटकाए हैं।

## शानदार प्रदर्शन के बाद क्या मोहित कर सकते हैं टी 20 टीम में वापसी

**नयी दिल्ली।** मोहित शर्मा पिछले साल गुजरात टाइटन्स के नेट गेंदबाज थे और इस साल यह 34 साल का तेज गेंदबाज टीम को लगातार दूसरे आइपीएल खिताब के करीब ले गया जिससे हाल में समाप्त हुए 2023 सत्र में उनकी वापसी की दास्तां सुर्खियों में है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिताब जीतने के तुरंत बाद हार्दिक पंड्या ने मोहित को गले लगाकर सांत्वना दी जिससे गुजरात टाइटन्स के कप्तान की संवेदना साफ दिखती है जिससे दिखा कि उन्होंने हरियाणा के इस तेज गेंदबाज के इस सत्र में उनके अभियान में योगदान को स्वीकार किया। मोहित 15वें ओवर में पहली चार शानदार गेंद डालने के बाद अंतिम दो गेंद अच्छी नहीं फेंक सके लेकिन इस सत्र में उनके प्रयासों को कमतर नहीं आंक सकता। उन्होंने 14 मैचों में 27 विकेट झटके जिससे वह टीम के साथी और मित्र मोहम्मद शमी के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

## मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकता था : रायुडू

**अहमदाबाद।** आइपीएल 2023 के फाइनल के बाद संन्यास लेने की घोषणा कर चुके चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने खिताब जीतने के बाद मंगलवार को कहा कि वह इससे ज्यादा कुछ नहीं मांग सकते थे और वह अपना बाकी का जीवन एक मुस्कान के साथ गुजार सकते हैं। रायडू ने चेन्नई की गुजरात पर पांच विकेट की जीत के बाद कहा, हां, यह एक परी-कथा के अंत जैसा है। मैं इससे ज्यादा की मांग नहीं कर सकता था। यह अविश्वसनीय है। भाग्यशाली हूं कि मैं आइपीएल की महान टीमों में खेला और यह उनमें से एक है। मैं अपने बाकी जीवन में मुस्कुरा सकता हूं। यह पिछले 30 सालों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मेरा सफर ऐसी रात पर समाप्त हुआ। मैं इस अवसर पर अपने परिवार को धन्यवाद देना चाहूंगा, खासकर मेरे पिता को।

## पहलवानों के समर्थन में बोले अनिल कुंबले

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने प्रदर्शनकारी पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के बर्ताव की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि वह जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की उम्मीद कर रहे हैं। कुंबले ने ट्वीट किया, हमारे पहलवानों के साथ 28 मई को हुई बदसलूकी के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। उचित संवाद से किसी भी बात का समाधान निकाला जा सकता है। जल्द से जल्द समाधान की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के कई नामचीन पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। करीब एक महीने से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर बैठे पहलवानों ने रविवार को नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान संसद तक मार्च करने और महिला महापंचायत आयोजित करने का फैसला लिया था।

# पहलवानों ने मान मनौव्वल के बाद स्थगित किया मेडल विसर्जन

एजेंसी

**हरिद्वार/देहरादून।** गंगा में पदक विसर्जित करने उत्तराखंड के हरिद्वार पहुंचे आंदोलनरत पहलवानों ने मंगलवार शाम भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के अनुरोध के बाद पदक विसर्जन कार्यक्रम पांच दिनों के लिये स्थगित कर दिया। टिकैत ने पहलवानों से पांच दिन का समय मांगा, जिसके बाद पहलवानों ने विसर्जन स्थगित करने की घोषणा की। महिला पहलवानों के यौन शोषण को लेकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों ने अपने मेडल हरिद्वार स्थित हर की पौड़ी पर गंगा में बहाने का एलान किया था। योजना के तहत बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक अपने-अपने पदक गंगा में प्रवाहित करने हरिद्वार पहुंचे और मालवीय घाट के पास बैठ गए। पहलवानों ने कहा कि मेडल उनकी जान और आत्मा हैं। इनके गंगा में बह जाने के बाद उनके जीने का भी कोई मतलब रह नहीं जाएगा इसलिए वे इंडिया गेट पर आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। उन्होंने कहा, हम अंदर से ऐसा महसूस कर रहे हैं कि इस देश में हमारा कुछ बचा नहीं है। हमें वे पल याद आ रहे हैं जब हमने ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप में मेडल जीते थे। अब लग रहा है कि क्यों जीते थे। इन पदकों को हम गंगा में बहा रहे हैं क्योंकि वह गंगा मां हैं। ये पदक सारे देश के लिये ही पवित्र हैं और पवित्र मेडल को रखने की सही जगह पवित्र मां गंगा ही हो सकती हैं। यहां से सभी पहलवान खिलाड़ी हर की पौड़ी पहुंचे। इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता नरेश टिकैत अपने समर्थकों के साथ यहां आ गये और खिलाड़ियों की मान मनौव्वल शुरू हुई। लगभग एक घंटे की बातचीत के बाद सरकार से पांच दिन के भीतर समस्या को सुलझाने के वादे के साथ खिलाड़ियों ने पदक विसर्जित करने की योजना स्थगित कर दी।



पेज 1 का शेष

## कॉमर्स में सृष्टि...

**रिजल्ट में पिछले साल की अपेक्षा आयी गिरावट :** मैट्रिक और इंटर साइंस की तरह इंटर कला व कॉमर्स के रिजल्ट में पिछले साल की अपेक्षा गिरावट आयी है। जैक चेयरमैन डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि इंटर कॉमर्स में 88.60 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं। वहीं, इंटर कला में 97.43 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। बताते चलें कि पिछले साल इंटर कला में 95.97 प्रतिशत छात्र पास हुए थे, जो इस साल से 1.46 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, इंटर कॉमर्स में पिछले साल 92.75 प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए थे, जो इस साल से 4.15 प्रतिशत अधिक है।

स्पीड न्यूज

## साक्षी हत्याकांड के आरोपी को कोर्ट ने 2 दिन की रिमांड पर भेजा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने 16 साल की लड़की साक्षी की हत्या के आरोपित साहिल को 2 दिनों की की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को रोहिणी कोर्ट में आरोपित साहिल को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। दिल्ली पुलिस ने साहिल को यपूी के बुलंदशहर से 29 मई को गिरफ्तार किया था। साक्षी के परिवार को दस लाख देगी दिल्ली सरकार : साक्षी के परिवार को दिल्ली सरकार ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की है।

## झटका : सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब घोटाले में कथित अनियमितताओं को लेकर सीबीआई की ओर से दर्ज प्राथमिकी मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की एकल पीठ ने आप नेता की याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता प्रभावशाली व्यक्ति हैं और जमानत मिलने के बाद वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इस वजह से उन्हें जमानत नहीं दी सकती।

## बिद्युत बिहारी स्वैन बने यूपीएससी के सदस्य

नयी दिल्ली। वरिष्ठ नौकरशाह बिद्युत बिहारी स्वैन को यूपीएससी सदस्य नियुक्त किया गया है जो वर्तमान में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सचिव हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी।अधिकारियों ने बताया कि गुजरात कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी स्वैन को गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

## बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बने दयानंद

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सी एच प्रताप रेड्डी का तबादला कर दिया और उनकी जगह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया) बी दयानंद को नियुक्त किया। रेड्डी को आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के डीजीपी के रूप में नियुक्त किया गया है।

## कांग्रेस सांसद बालू धानोरकर का निधन

**मुंबई।** महाराष्ट्र से कांग्रेस के एकमात्र लोकसभा सदस्य बालू धानोरकर का मंगलवार सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी।धानोरकर 48 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रतिभा धानोरकर और दो बेटे हैं। प्रतिभा धानोरकर विधायक हैं, उन्होंने 2019 में वरोरा-भद्रावती विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी।

## लश्कर आतंकी भुट्टावी की पाक के जेल में मौत

**इस्लामाबाद।** वर्ष 2008 में मुंबई पर हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वालों में शामिल रहे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अब्दुल सलाम भुट्टावी की पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की शेखूपुरा जेल में मौत हो गयी। वह आतंकवाद को वित्तीय सहायता के मामले में सजा काट रहा था।वर्ष 2008 में भारत की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले शहर मुंबई पर जबर्दस्त आतंकी हमले हुए थे। इन आतंकी हमलों की साजिश रचने वालों में लश्कर का आतंकी अब्दुल सलाम भुट्टावी भी शामिल था। पाकिस्तान में रह कर आतंकवाद के प्रसार के लिए टेरर फंडिंगके मामले में भुट्टावी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की शेखुपुरा जेल में बंद था।

## अमेरिका में भारतीय मूल के छात्र की हत्या

**न्यूयॉर्क ।** फिलाडेल्फिया में अज्ञात हमलावरों ने भारतीय मूल के 21 वर्षीय एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी। खलीज टाइम्स ने बताया कि केरल के कोल्लम जिले के रहने वाले जूड चाको को रविवार को काम से लौटते समय गोली मार दी गई थी।

# अंतिम चरण में थिएटर कमांड का ब्लूप्रिंट

## सीडीएस ने पुणे में एनडीए के 144वें पासिंग आउट परेड में लिया हिस्सा, कहा-बड़े बदलाव की राह पर सेना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि भारत की सेनाएं बड़े बदलाव की राह पर हैं और तीनों सेनाओं को मिलाकर थिएटर कमांड तैयार करने का ब्लूप्रिंट अंतिम चरण में है। मंगलवार को पुणे में एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में सीडीएस ने कहा कि हम सैन्य मामलों में एक नई क्रांति देख रहे हैं, जो ज्यादातर तकनीक से संचालित है।

पुणे के खडकवासला में एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड के मौके पर कैडेटों को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक सुरक्षा की स्थिति बेहतर नहीं है और अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक



व्यवस्था डांवाडोल हालत में है। यूरोप में जंग, हमारी उत्तरी सीमाओं पर चीनी सेना की निरंतर तैनाती और हमारे निकट पड़ोस में राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल की घटनाएं भारतीय सेना के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश कर रही हैं। भारत की सेनाएं एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर हमारे दावों की वैधता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेनाएं न केवल हमारे निकट पड़ोस, बल्कि दूर के पड़ोस में भी शांति और स्थिरता बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हम सैन्य मामलों में एक नई क्रांति भी देख रहे हैं, जो ज्यादातर तकनीक से संचालित हैं। जनरल चौहान ने कहा कि भारत की सशस्त्र सेनाएं भी एक बड़े परिवर्तन की राह पर हैं, हम संयुक्तता, एकीकरण और थिएटर कमांड का निर्माण करने की तैयारी में हैं। एनडीए के 144वें कोर्स में कुल 386 कैडेट पास हुए और उन्हें जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से डिग्री प्रदान की गई। जनरल चौहान ने त्रि-सेवा अकादमी से पास होने वाली महिला कैडेटों के पहले बैच को बधाई दी और पुरुष प्रधान सेवा में प्रवेश करने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपने पुरुष भाइयों के समान समान जिम्मेदारियों को उठाने का विकल्प चुना है।जनरल अनिल चौहान ने एनडीए की स्थापना के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एनडीए गीत 'भारत मां तुझे सलाम' जारी किया। यह गीत अकादमी के लोकाचार, बलिदान की भावना का प्रतीक है और राष्ट्र के लिए सशस्त्र बलों के समर्पण को पुष्ट करता है। इस एनडीए सॉन्ग को भारतीय गायक सुखविंदर सिंह ने गाया है। इसे कुमार ने लिखा, शंकर और सुशांत ने कम्पोज किया है। समर खान और तनुज भाटिया के निर्देशन में यह गीत तैयार किया गया है।

### नौसेनाध्यक्ष आज देंगे वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से 31 मई को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे।

वीरतापूर्ण कार्यों, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को सम्मानित करने के लिए यह नौसेना अलंकरण समारोह नौसेना बेस, विशाखापत्तनम में होगा। यह पहली बार है जब नौसेना अलंकरण समारोह शाम में होगा। समारोह के दौरान 33 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें दो नौसेना मेडल (शौर्य), 13 नौसेना मेडल (ड्यूटी के प्रति समर्पण), 16 विशिष्ट सेवा मेडल और दो जीवन रक्षा पदक शामिल हैं। नौसेना प्रमुख हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल और उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम एक औपचारिक परेड के साथ शुरू होगा । राष्ट्रपति ने इस साल गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर विशिष्ट सेवा और वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

## वैष्णो देवी जा रही बस खाई में गिरी, 10 की मौत और 57 घायल

**जम्मू।** वैष्णो देवी के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को लेकर कटरा जा रही एक बस के मंगलवार तड़के जम्मू के बाहरी इलाके में झज्जर कोटली के समीप जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से फिसल कर गहरी खाई में गिर जाने से 10 लोगों की मौत हो गयी और 57 अन्य घायल हो गये। घायलों में से चार की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि अमृतसर से तीर्थयात्रियों को लेकर बस कटरा जा रही थी। बस झज्जर कोटली पहुंची, इसी दौरान एक पुल पर चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया और वह सड़क से फिसल कर गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी और 57 लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के साथ पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल की टीमें तुरंत हरकत में आयीं और बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

# विकसित भारत बनाने के लिए और अधिक मेहनत करेंगे: मोदी

▶▶ सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पीएम ने की कृतज्ञता व्यक्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हम और भी अधिक मेहनत करते रहेंगे।

सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर #9 ईयर ऑफ सेवा के साथ एक ट्वीट संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज, जब हम राष्ट्र की सेवा में नौ वर्ष पूरे कर रहे हैं, मैं विनम्रता और कृतज्ञता से भर गया हूं। हर निर्णय, लिया गया हर कदम, लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की इच्छा से निर्देशित होता है। विकसित भारत के निर्माण के लिए हम और भी अधिक मेहनत करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का यह राष्ट्र के विकास के लिए नौ साल का अटूट समर्पण है। प्रधानमंत्री मोदी ने वेबसाइट https://nm-4.com/9yrsofseva पर देशवासियों को सरकार की विकास यात्रा की झलक पाने के लिए आमंत्रित किया है।

### आज अजमेर से करेंगे महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत

भाजपा ने जारी किया मोबाइल नंबर, जिस पर जायेगी मिस कॉल



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अजमेर (राजस्थान) में एक महारैली के जरिए देशभर में भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेंगे। भाजपा 30 मई से 30 जून के बीच इस अभियान को चलाएगी। यह अभियान केन्द्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाई जायेंगी और उनसे समर्थन की मांग की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार साल पहले 30 मई को दोबारा प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। पार्टी ने नौ सालों की उपलब्धियां बताने के लिए एक वेबसाइट लांच की है। समर्थन पाने के लिए पार्टी ने एक मोबाइल नंबर भी जारी किया है, जिस पर मिस कॉल दी जा सकती है। महासचिव तरुण चुग ने बताया कि पार्टी एक महीने में 51 महारैलियां करेगी। इन्हें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, परिवहन मंत्री और अन्य बड़े नेता संबोधित करेंगे। 500 लोकसभा स्तर पर 500 बड़ी रैलियां की जायेंगी। 600 पत्रकार वार्ता की जायेंगी। 5 लाख परिवारों से संपर्क किया जाएगा, उन्हें बुकलेट दी जाएगी और उनसे समर्थन मांगा जाएगा। विधानसभा स्तर पर रैलियां होंगी। बूथ स्तर पर भी सम्मेलन, प्रदर्शनी और अन्य गतिविधियां की जायेंगी। महाजनसंपर्क अभियान के लिए देश को 144 कलस्टर में बांटा गया है। इन कलस्टर में तीन से चार लोकसभा क्षेत्र आते हैं। हर कलस्टर में राष्ट्रीय नेतृत्व से जुड़े दो बड़े नेता आठ दिन मौजूद रहकर अभियान चलायेंगे।

उल्लेखनीय है कि भाजपा 2014 में केंद्र में सत्तारूढ़ हुई थी। इसके चलते पार्टी अगले एक महीने तक एक विशेष जनसंपर्क अभियान चला रही है जिसमें नौ वर्षों के उपलब्धियों का जिक्र होगा।

## 2,000 के नोट बदलने को सक्रिय हुए नक्सली

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक द्वारा 2,000 रुपये के नोट चलन से वापस लेने की घोषणा से नक्सलियों को झटका लगा है क्योंकि जबरन वसूली के जरिए एकत्र किया गया धन मुख्य रूप से इसी मूल्य का है। महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह दावा किया। उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में पुलिस सतर्क है क्योंकि नक्सली अपने पास पड़े 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए सक्रिय हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में दो लोगों के पास से पिछले गुरुवार को छह लाख रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नोट बरामद किए गए थे जो कथित तौर पर एक नक्सली कमांडर के थे। गढ़चिरौली के उप महानिरीक्षक संदीप पाटिल ने बताया कि 2,000 रुपये के नोट वापस लेना नक्सलियों के लिए एक झटका है क्योंकि उनके द्वारा तेंदू पत्ते के ठेकेदारों और पीडब्ल्यूडी से वसूला गया पैसा मुख्य रूप से इसी मूल्य में है, जिसे जंगलों में विभिन्न स्थानों पर छिपाया गया है। उन्होंने बताया कि गढ़चिरौली पुलिस को खुफिया जानकारी मिली है कि नक्सली उनके पास पड़े 2,000 रुपये के नोट को बदलने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

# मॉस्को में ड्रोन हमले से कई इमारत क्षतिग्रस्त


▶▶ जवाबी कार्रवाई में रूसी सेना ने कई ड्रोन को मार गिराया

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार तड़के ड्रोन में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। रूस के आरआईए नोवोस्ती ने मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन के हवाले से यह जानकारी दी है। वहीं रूसी सेना ने कई ड्रोन मार गिराए हैं। पिछले वर्ष यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से दोनों देश एक-दूसरे के प्रति आक्रामक बने हुए हैं। लगातार एक-दूसरे पर हमलों के चलते खासी जनहानि हो रही है।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि मंगलवार सुबह मॉस्को में ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और कुछ लोग जख्मी हुए हैं। मेयर के मुताबिक राहत वाली बात ये रही कि इस हमले में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। मेयर ने बताया कि ड्रोन हमले मॉस्को की बहुमंजिली इमारतों को निशाना बनाकर किये गए।

हमले में क्षतिग्रस्त हुई दो इमारतों में रह रहे लोगों को बाहर निकाला गया है। शहर की आपातकालीन सेवाओं को चौकन्ना कर दिया गया है। घटनास्थल पर आपातकालीन



सेवाओं से जुड़े लोग मौजूद हैं। हमला शहर के दक्षिणी हिस्से में हुआ। जहां कुछ इमारतों से धुआं उठते भी देखा गया। इस कारण लोग घरों से बाहर की ओर भागे और सड़कों पर आ गए। इसके बाद इमारतों में बचे लोगों को आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोगों ने बाहर निकाला। हमले को लेकर मॉस्को के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मॉस्को पर कई ड्रोन से हमला किया गया था, जिन्हें मार गिराया गया। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन से किसने हमला किया था। रूस के बाहरी इलाकों में कई ड्रोन मार गिराए गए हैं। इनकी संख्या चार से दस के बीच बताई जा रही है।

# चीन ने किया मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को शेनझोउ-16 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया और अपने अंतरिक्ष स्टेशन में मिशन के लिए पहली बार एक आम नागरिक सहित तीन अंतरिक्ष यात्रियों को रवाना किया। इसे देश के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक और बड़ा कदम माना जा रहा है।अंतरिक्ष केंद्र में मौजूद चालक दल को दूसरी बार बदलने के लिए इस मिशन को संचालित किया जा रहा है। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, लॉन्ग मार्च-2एफ कैरियर रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष यान को उत्तर-पश्चिम चीन में जियुक्वान सैटेलाइट

### स्पेस स्टेशन पर पहली बार भेजा आम नागरिक



लॉन्च सेंटर से सुबह नौ बजकर 31 मिनट (चीन के समयानुसार) पर प्रक्षेपित किया गया।सीएमएसए के अनुसार, प्रक्षेपण के करीब 10 मिनट बाद शेनझोउ-16 रॉकेट से अलग होकर अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। चालक दल के सदस्य ठीक हैं और प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा।अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण के कुछ घंटे बाद यह सफलतापूर्वक जमीन से करीब 400 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष स्टेशन के कोर मॉड्यूल में पहुंच गया। इसके बाद शेनझोऊ-16 पर सवार तीनों अंतरिक्ष यात्री तियान्हे मॉड्यूल में प्रवेश करेंगे और शेनझोऊ-15 मिशन के तीनों अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं।चीन ने पहली बार अंतरिक्ष केंद्र के लिए एक आम नागरिक को भेजा है, अन्यथा सैन्य कर्मी ही इस तरह के अभियान पर जाते रहे हैं।बीजिंग में बेइहांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गुई हाइचाओ इन तीन अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल हैं जिन्हें पेलोड विशेषज्ञ माना जाता है। अन्य अंतरिक्ष यात्रियों में मिशन के कमांडर जिंग हैपेंग हैं, जो रिकॉर्ड चौथी बार अंतरिक्ष में जाने वाले पहले चीनी अंतरिक्ष यात्री बनकर इतिहास रचने जा रहे हैं। वहीं अंतरिक्ष यात्री उड़ान इंजीनियर झू यांगझू अंतरिक्ष की अपनी पहली यात्रा कर रहे हैं।

## अमेरिका में गोलीबारी 16 की मौत, कई घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में स्मृति दिवस सप्ताहांत के दौरान गोलीबारी में मरने वालों की संख्या 16 हो गयी है और 30 से अधिक लोग घायल हैं।

एनबीसी न्यूज ने बताया कि देश के कम से कम आठ राज्यों में समुद्र तटों (बीच) पर, हाई स्कूलों में, मोटरसाइकिल रैलियों के दौरान और अन्य स्थानों पर बंदूक से हिंसा के मामले सामने आये। जिनमें से अब तक 16 की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

# काजोल की फिल्म दुश्मन के 25 साल पूरे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की फिल्म दुश्मन के प्रदर्शन के 25 साल पूरे हो गये हैं। फिल्म दुश्मन में काजोल, संजय दत्त और आशुतोष राणा की मुख्य भूमिका थी।फिल्म ह्यदुश्मनह्ण को प्रदर्शित हुये 25 साल पूरे हो गये हैं। काजोल ने फिल्म दुश्मन से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया और अपने दिल की बात कही है। तनूजा चंद्रा निर्देशित फिल्म दुश्मन दो बहनों की कहानी थी, जिसमें एक का मर्डर हो जाता है और फिर दूसरी बहन विलेन से लड़ती है। फिल्म दुश्मन में काजोल ने दोहरी भूमिका निभायी थी और उनके अभिनय को काफी पसंद किया गया था। फिल्म दुश्मन के 25 साल पूरे होने पर काजोल ने इस फिल्म को याद करते हुए



लिखा कि दुश्मन के 25 साल, मेरे कॅरियर की सबसे डरावनी फिल्म जिसके लिए मैंने हां कहा और देखा भी। आशुतोष राणा ने मुझे स्क्रीन पर बुरी तरह डरा दिया था, मुझे लगता है आप लोग भी डर गए होंगे।

## फिल्म चमकीला का टीजर रिलीज

दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा स्टारर फिल्म चमकीला का टीजर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक इम्तियाज अली जल्द ही बायोपिक चमकीला लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की मुख्य है। यह फिल्म सच्ची घटना से प्रेरित है।फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। जिसमें चमकीला के तौर पर दिलजीत का लुक भी सामने आया है। परिणीति चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टीजर को शेयर किया है।

# सेंसेक्स 63000 के पार

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी बनी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 123 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली जारी रहने तथा एशिया के अन्य बाजारों के सकारात्मक रुख से स्थानीय बाजार को मदद मिली।सेंसेक्स 122.75 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,969.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 189.74 अंक चढ़कर 63,036.12 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 35.20 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ

शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी, निफ्टी 18,633 पर पहुंचा

18,633.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में आईटीसी, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति और इन्फोसिस प्रमुख रूप से लाभ में रहे।दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, नेस्ले, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स और टाइटन शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार,एफआईआई सोमवार को शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने 1,758.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।





बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस